ANANTA SATSANG · BILINGUAL SĪTĀ–RĀMA LIBRARY

Bhāvanā Aṣṭayāma

भावना अष्टयाम

also Śrī Sītārāma Mānasī Pūjā · श्री सीताराम मानसी पूजा

The complete mental service of Sītā and Rāma across the daily cycle, seasons, and festivals

Sītārāma Śaraṇa Rāmarasaraṅgamaṇi · Original Devanagari and fresh English translation

Complete root reading edition · 28 page-controlled units

About this edition

> This edition presents the complete root work through its explicit colophon on source page 28. Because the witness is continuous prose and does not supply eight textual section boundaries, twenty-eight page-controlled reading units preserve its actual topology without inventing divisions. The separately headed ārati and stotras after the colophon are documented as appendix context but are not silently absorbed into the root text. Every unit was collated twice against the page image; archive OCR served only as a locator, and the English is new.

Source control: checksum-locked Internet Archive witness, root pages 1–28, SHA-256 e4cc72af1f0306990fbc21e17c81be0c442fd991903ad3bf32efe23bbcecbdc2. The scan has no explicit reuse license and is therefore not reproduced in this edition.

Contents

1 Title, invocation, and heart-vision
Source page 1

2 Initiation, inward pilgrimage, and the door of awakening
Source page 2

3 The Beloved Pair awaken
Source page 3

4 Cleansing, adornment, and auspicious offering
Source page 4

5 Maṅgala ārati and contemplation
Source page 5

6 Entrance into the universal delight assembly
Source page 6

7 The brothers' welcome and auspicious gifts
Source page 7

8 Garlands, audience, and the call to bathe
Source page 8

9 The Sarayū bath and first dressing
Source page 9

10 Morning rite and jeweled adornment
Source page 10

11 Completion of adornment and Sītā's arrival
Source page 11

12 The family gathers for the royal meal
Source page 12

13 Serving the feast
Source page 13

14 Completion of the feast and return to court
Source page 14

15 Midday ārati and prasāda
Source page 15

16 Repose in the flower chamber
Source page 16

17 Afternoon awakening and assembly
Source page 17

18 Visits to the mothers and Daśaratha's court
Source page 18

19 The royal audience and the horses
Source page 19

20 The ride through Ayodhyā's palaces
Source page 20

21 Gardens, Sarayū bank, and the homeward procession
Source page 21

22 The mothers' welcome and evening worship
Source page 22

23 Night offering, repose, and dream-service
Source page 23

24 Seasonal forms of the service
Source page 24

25 The festival calendar and a still shorter service
Source page 25

26 The concise daily cycle
Source page 26

27 Fruit of the practice and lineage verses 1–7
Source page 27

28 Lineage verses 8–10 and the root colophon
Source page 28

Editorial key

> The work is continuous prose, so each reading unit corresponds to one physical source page. Page 28 stops at the explicit root colophon. The separately headed ārati and stotras that follow on source pages 28–31 are appendix context, not part of this root release. Archive OCR was used only to locate passages; all Devanagari was collated twice against page images. The English is a fresh close rendering.

Page unit 1

Title, invocation, and heart-vision

ORIGINAL · DEVANAGARI

श्रीसीताराम मानसी पूजा

✤ भावना अष्टयाम सेवा ✤

मङ्गलाचरण

वन्दे ब्रह्मादिवन्द्यं विपुलगुणनिधिं वेदवेद्यं वरिष्ठं

वैदेहीवल्लभाख्यं विमलविधुसुखं बाणबाणासनाढ्यम् ।

विश्वाद्यं विश्वपूज्यं वरदमतिबलं वानराधीशबन्धुं

विश्वेशं वारिजाक्षं विभुमतिविभवं विश्ववीरेन्द्ररामम् ॥

दो०—

स्वामी रामानन्द पद, बन्दौं कीलसु अग्र ।

नाभा तुलसीदास गुरु, कामदेन्द्र अग्र्यग्र ॥

श्री रघुनन्दन जानकी, भरत लखन रिपुसाल ।

बन्दौं हनुमत आदि युग, परिकर पंचरसाल ॥

सख्यदास श्रृङ्गार युत, मानस सेवी रीति ।

रची सुखद संक्षेप विधि, विनवौं सबहीं सुप्रीति ॥

स०—

राजत रत्न सिंहासन मध्य सिया युत श्यामल राम सुजाना ।

छत्र सुलच्छन लाल लिये छबि जासु छपाकर कोटि समाना ॥

श्री भरतौ भरतानुज चौर चलावत दक्षिण बाम बिधाना ।

मारुत मारुत लाल करे रसरङ्गमणी कर यों उर ध्याना ॥१॥

FRESH ENGLISH TRANSLATION

Śrī Sītārāma Mental Worship — the contemplative service of the eight periods.

I bow to Rāma: worshipped by Brahmā and the other gods, a vast treasury of virtues, the supreme one whom the Veda makes known; famed as Vaidehī's beloved, pure and moonlike in his delight, splendid with arrows and bow; origin of the universe and worshipped by the universe, boon-giving and immensely strong, friend of the lord of the monkeys; Lord of all, lotus-eyed, all-pervading and immeasurably glorious—the heroic sovereign of the universe.

I bow first at Svāmī Rāmānanda's feet, then to Kīla and Agra; to Nābhā, Tulasīdāsa, the guru, and the foremost Kāmadendra. I bow to Śrī Raghunandana and Jānakī, to Bharata, Lakṣmaṇa, and the destroyer of enemies; to Hanumān and the whole twofold retinue, rich in the five devotional flavours. Joined to the intimate-servant's mood and the adornment of love, I have composed this brief, joy-giving method of mental service; with affection I entreat everyone.

Wise, dark Rāma sits with Sītā at the centre of a jeweled throne. Beloved Lakṣmaṇa holds the royal parasol, whose splendour eclipses ten million suns. Bharata and his younger brother wave fly-whisks to right and left, while the Wind-god's son fans them. Rasarangamaṇi holds this vision in his heart.

Page unit 2

Initiation, inward pilgrimage, and the door of awakening

ORIGINAL · DEVANAGARI

श्रीसम्प्रदाय श्रीयदाचार्य गुरुमुख से श्रीरामषडक्षर मन्त्रराज द्वयमन्त्र और अष्टाक्षर शरणागति मन्त्र तथा श्रीरामाभय प्रदान चरम मन्त्र—ये तीनों रहस्यों से संयुक्त श्रीजानकी षडक्षर मन्त्र और श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण, श्रीशत्रुघ्न, श्रीहनुमान, श्रीगुरुमन्त्रों को प्राप्त भया सपरिवार श्रीसीतारामोपासक अधिकारी प्रभात पिछले पहर में श्रीसीताराम नाम-रूप स्मरण करते जागे। और कर-मुख-पद धोय शुद्ध हो आसन पर सावधानी से बैठ के श्रीगुरुपरम्परा का पाठ कर श्रीमदाचार्य गुरुदेव का ध्यानपूर्वक साष्टाङ्ग प्रणाम करें। और पूजन करि आज्ञा लेके मन ही से श्रीसरयूजी में जाय प्रणाम करिके पाँच गोता लगावे और दिव्य दृष्टि से ऐसा देखे कि यह मेरा मायिक शरीर छूट गया और भावनामय दिव्य देह हो गई। तब श्रीअवध का दर्शन करते चले; दिव्य कांचन-मणिमय द्वार, कोट, भवन, बाजार देखते श्रीसीताराम शयन-भवन में जाय। तिस सुवर्ण शाला के आगे श्रीरामभक्तिजू का दर्शन करे, अर्थात् श्रद्धा, क्षमा, दया, शान्ति, नम्रता, प्रीति, श्रीहरि-गुरु-साधु-सेवा आदि दिव्य अङ्गों से युक्त, श्रीसीतारामपरा प्रीतिरूपा दिव्यमूर्तिमती कोमलासन पर विराजी भई; और श्रीसीताराम सेवा-सामग्री—मङ्गल वस्तु, पुष्पमाला, मञ्जरीयुत तुलसी, दधि, दिव्य फल, जवादिकों के अङ्कुर इत्यादि—थारों में भरे लिये अनेक सखियाँ समीप में सोहती हैं। जाय के तिनें प्रणाम करे, चन्दन-माला आदि चढ़ाय के चरणों में मस्तक धर के बैठ जाय। तब श्रीभक्तिजू मस्तक पर हस्त धरिके पुत्रवत् प्यार करती हैं। और साधक को आगे करि सखिन सहित शयनशाला के द्वार पर जाय के सप्रीति प्रार्थना करने लगीं।

सवैया—

कंज खिले रसरङ्गमणि जस भृङ्ग भने प्रभु जयति उचारे।

FRESH ENGLISH TRANSLATION

The qualified worshipper of Sītā and Rāma with their whole family has received from the teacher’s mouth the Śrī tradition’s mysteries: the royal six-syllabled Rāma mantra and the paired mantra, the eight-syllabled mantra of surrender, the final mantra that grants Rāma’s fearlessness, together with Jānakī’s six-syllabled mantra and the mantras of Bharata, Lakṣmaṇa, Śatrughna, Hanumān, and the guru. In the last watch before dawn, that worshipper awakens remembering Sītā–Rāma’s name and form.

After washing hands, face, and feet and becoming pure, sit attentively on the seat. Recite the guru lineage, meditate on the venerable teacher, and prostrate fully. Worship, receive permission, and inwardly go to holy Sarayū. Bow and immerse yourself five times. With divine sight, see the material body fall away and a divine body made of contemplation arise. Walk through sacred Ayodhyā, beholding its divine golden, jeweled gates, fortifications, mansions, and markets, until you enter Sītā–Rāma’s sleeping palace.

Before its golden chamber behold Śrī Rāmabhakti personified: love wholly directed to Sītā–Rāma, enthroned on a soft seat and embodied with the divine limbs of faith, forgiveness, compassion, peace, humility, affection, and service to Hari, guru, and saint. Around her shine many companions holding trays filled with the materials of service—auspicious objects, flower garlands, sprig-bearing tulasī, curd, divine fruits, barley shoots, and more. Bow to her, offer sandal paste and garlands, place your head at her feet, and sit. Śrī Bhakti places a hand upon your head and loves you as her child. Setting the practitioner before her, she goes with the companions to the door of the sleeping chamber and lovingly begins her entreaty: ‘The lotuses have opened; Rasarangamaṇi says that the bees of fame proclaim the Lord’s victory…’

Page unit 3

The Beloved Pair awaken

ORIGINAL · DEVANAGARI

रैन गई सुखसैन, सुदैन है, रवि देखन मैन तिहारे ।

दास, सखा, सखि, भ्रात, पिता, गुरु, मातन के प्रिय प्राण अधारे ।

जानकि! जानकि-जीवनजू! मम जीवन! जागिये, जागिये प्यारे ॥२॥

हे आनन्दघन! रजनी बीत गई, जागि के दर्शन-जल दैके लोचन-चातकों की प्यास हरिये। हे श्रीसियारघुनन्दन युगलचन्द्रजी! निद्रा त्यागी के शोभासुधा पिवाय के लोचन-चकोरों को सुखी करिये। इत्यादिक विनय सुनि श्रीस्वामिनी रघुनन्दनदयालजी जागिके परस्पर केश-वस्त्रादिक सम्हारते भये और श्रीप्रभु के शिर पै स्वामिनीजी ताजटोपी अथवा जरतारी पाग धर देती भईं और प्रियतम प्रियाजी सामने विराज गये। तब श्रीभक्ति हितकारिणीजी परदा उघार देती भईं। आनन्दकन्द श्रीरघुनन्दनजी सहित श्रीस्वामिनीजी के युगल मुखचन्द्र को देखि 'जय हो, जय हो! मङ्गल हो, मङ्गल हो!' इस प्रकार अभिनन्दन-शब्द करिके सब कोई सप्रेम प्रणाम करि करि श्याम-गौर शोभा लखि लखि लोचन सुफल करने लगे। तब श्रीचारुशीला श्रीभक्तिजू मङ्गल थार, जिसमें पुष्पमाला, तुलसी, दिव्यफल, दधि-माखन, घृत-मधु, जवाङ्कुर, दूर्वा, अतर इत्यादि सब धरे हैं, सो साधक कर में देती भईं। दूसरा आप भी लेके श्रीयुगल मङ्गल-विग्रहजी के आगे चौकी पर धर देती भईं। श्रीराजीवलोचनजी दिव्य दृष्टि से देखते भये। भाविकजन युगल कमल के फूल लैके श्रीसीतारामचन्द्रजी को सुँघाय के करों में अर्पण करि कृतार्थ भया। तदुपरि परिकरजनों ने चन्दन-कांचन-रचित दिव्य वस्त्र-विधि युगल चौकी धरि दन्तधावन की तैयारी की। तब श्रीभक्ति प्रीतिरूपाजी की प्रार्थना से श्रीरघुनन्दन-जनकनन्दिनीजी भावुक और भक्तिजी के करावलम्बनपूर्वक पर्यङ्क से उतर उतर उन चौकियों पर विराजे। सेवाभिलाषी जन चाँदी के कोपर आगे धर दिया; श्रीभक्तिजी जल ढारने लगीं।

FRESH ENGLISH TRANSLATION

'The night has gone; abandon pleasant sleep. The blessed day has come, and the sun longs to behold you. You are the beloved life-support of servants, friends, companions, brothers, father, gurus, and mothers. Jānakī! Life of Jānakī! My very life—awake, awake, beloved!'

O mass of bliss, the night has passed. Rise, pour out the water of your vision, and end the thirst of the eyes that wait like rain-birds. O twin moons, Sītā and Raghunandana, cast off sleep; let the partridge-like eyes drink the nectar of your beauty and become happy. Hearing such pleas, the Mistress and compassionate Raghunandana awaken and arrange one another's hair and clothing. The Mistress places a jeweled crown-cap or gold-brocaded turban upon the Lord's head, and the Lover and Beloved sit facing one another.

Beneficent Śrī Bhakti opens the curtain. Seeing the two moonlike faces of the Mistress and blissful Raghunandana, everyone lovingly bows again and again, crying, 'Victory! Auspiciousness!' They fulfil their eyes by gazing repeatedly upon the dark and fair beauty. Śrī Bhakti, lovely in conduct, gives the practitioner an auspicious tray holding flower garlands, tulasī, divine fruits, curd and butter, ghee and honey, barley shoots, sacred grass, perfume, and the other articles. She takes a second tray herself and sets it on a low table before the auspicious Pair, while lotus-eyed Rāma looks on with divine vision. The contemplative servant offers twin lotuses for Sītā and Rāma to smell and then places them in their hands, becoming fulfilled.

The attendants now set out two divine sandalwood-and-gold stools and prepare for cleansing the teeth. At Love-personified Bhakti's prayer, Raghunandana and Janakanandinī descend from the couch, supported by the practitioner and Bhakti, and sit upon the stools. The servant eager for service places a silver basin before them, and Śrī Bhakti begins to pour water.

Page unit 4

Cleansing, adornment, and auspicious offering

ORIGINAL · DEVANAGARI

भक्तजन श्रीचरणकमलों को धोय श्रीपदाङ्गुष्ठों को लोचनों में लगाय प्रेम से पोंछकर परमानन्द पाया। पुनि श्रीकरकञ्जों को धुवाय के गिलास में जल देकर आचमन-कुल्ला कराय के तब जामुन आदिक उत्तम काष्ठ की बारह अङ्गुल की दन्तधावन प्रभाती अर्पण किया। फिर इसी रीति से श्रीस्वामिनीजी के श्रीचरणसरोजों को धोय के नेत्रों में लगाय, प्रोक्षण कर, हस्त धोवाय, कुल्ला कराके दन्तधावन अर्पण किया। इसके आगे श्रीस्वामिनीजी की सब सेवा श्रीभक्ति भाग्यवतीजी करती हैं और श्रीरघुवरजी की सब सेवा पूजन-जन स्वयं करता है। सुवर्णपात्र से सुगन्धियुक्त श्रीसरयूजल प्रदानपूर्वक दन्तधावन कराय, श्रीमुखचन्द्र धोवाय के, भीने वस्त्र से सुखमासिन्धु को श्रीसुख-प्रोक्षण किया। पुनि गजदन्त की ककही से बालों को सम्हारि, माङ्गलिक चन्दन लगाय के, मङ्गलमय कण्ठा, कड़े, बिजायठ, मणिमाला, कुण्डल, नूपुर, तोड़े आदिक भूषण धारण कराय; यथाकाल अनुकूल वस्त्र धारण कराय; मुख्य किरीट अथवा ताज या पाग, शिरपेंच निजरुचि अनुकूल धारण कराय के; माङ्गलिक तुलसीयुत सुगन्ध फूलों की माला पहिराय के शोभा अवलोकन करि कृतार्थ भया। ऐसे ही श्रीभक्ति चारुशीलाजी श्रीसिया स्वामिनीजी की मङ्गल सेवा सप्रेम करती भईं। तब दिव्य धूप अर्पण कर नव बार आघ्राण कराय के समीप में धर दिया। तदुपरि चार बत्ती का दीप नव बार फिराय के धर दिया। तब मङ्गलभोग अर्पण करता भया। गोघृत, गोदधि, मधु, मिश्री—ये चारों वस्तु मिलाय युगल मणिपात्रों में सखि ल्याई। एक श्रीभक्तिजू कैङ्कर्य-निपुण जन को देती भईं, सो वामहस्त में धरके सुवर्ण करकमल से दक्षिण हस्त से श्रीरामचन्द्रजी को खवाने लगीं। ऐसे ही दूसरे पात्र का मङ्गलभोग श्रीभक्तिजी ने श्रीस्वामिनीजी को...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

The devotee washes the Lord’s lotus feet, touches the great toes to the eyes, dries them lovingly, and tastes supreme bliss. The Lord’s lotus hands are washed; he is given water in a glass for sipping and rinsing; then a twelve-finger-long morning tooth-stick cut from fine jambu or similar wood is offered. In the same way the Mistress’s lotus feet are washed and touched to the eyes; they are dried, her hands are washed, she rinses her mouth, and a tooth-stick is offered. From this point fortunate Śrī Bhakti performs all the Mistress’s service, while the worshipping servant personally performs every service for Raghubara.

Fragrant Sarayū water is offered from a golden vessel. After the tooth-cleaning, the moonlike face is washed and the ocean of beauty is gently dried with a damp cloth. The hair is arranged with an ivory comb; auspicious sandal paste is applied; necklaces, bracelets, a jeweled chest ornament, gem garlands, earrings, anklets, toe-rings, and other ornaments are put on. Clothing suited to the season is offered, together with whichever chief headpiece accords with the servant’s taste—a crown, jeweled cap, turban, or crest. A fragrant flower garland containing tulasī is placed around the neck, and the servant becomes fulfilled by beholding the splendour. In just this manner lovely Śrī Bhakti lovingly performs the Mistress Sītā’s auspicious service.

Divine incense is offered for the Pair to inhale nine times and then set nearby. A four-wicked lamp is circled nine times and placed down. Now the auspicious light meal is offered. A companion brings two jeweled bowls, each containing cow’s ghee, cow’s curd, honey, and sugar-candy mixed together. Śrī Bhakti gives one to the attendant skilled in service, who supports it in the left hand and, with the golden lotus of the right hand, begins to feed Śrī Rāmacandra. Śrī Bhakti likewise gives the auspicious food from the second bowl to the Mistress...

Page unit 5

Maṅgala ārati and contemplation

ORIGINAL · DEVANAGARI

...खवावती भईं। पुनि दो घूँट जल पिवाय के श्रीयुगलचन्द्र को मुख पोंछ के इलाइची अर्पण कर प्रेमानन्द पाया। तब अग्नि के सप्त रसनारूप ऐसी सप्तवर्तिका की प्रज्वलित आरती श्रीभक्तिजी ला के आगे चौकी पर धर देती भईं। प्रेमीजन श्रीप्रभुजी के सर्वाङ्ग में तीन बार जल उतारि के आचमन-पात्र में डारि, सर्वाङ्ग में वस्त्र भी फिराय अर्थात् न्योछावर करिके किंकरी को दे दिया। श्रीभक्तिजू मङ्गलनादमय घण्टा और सखीवर्ग दिव्य वीणा, मृदङ्ग, काँसी, घरी, शङ्खादि बाजा बजाने लगीं। नवलनेही जन नीराजन दोनों हाथों उठाय के आरतिहरणजी के श्रीचरणसरोजों में चार बार उतारि, पुनि दो बार नाभिमण्डल में, एक बार श्रीमुख में और सात बार सर्वाङ्ग में–इस प्रकार चौदह फेर फिराय के–पुनि ऐसे ही श्रीस्वामिनीजी की आरती किया। अथवा श्रीसीतारामजी की एक ही साथ आरती किया। और श्रीसीतारामजी के सर्वाङ्ग में पूर्ववत् जल-वस्त्र फिराय के श्रीयुगल चरणों में तीन-तीन पुष्पाञ्जलि युगलमन्त्र पढ़ के अर्पण किया। पुनि चार प्रदक्षिणा करि स्तुति किया–

वैदेही सहितं सुरद्रुमतले हैमे महामण्डपे

मध्ये पुष्पकमासने मणिमये वीरासने संस्थितम् ।

अग्रे वाचयति प्रभञ्जनसुते तत्त्वं मुनीन्द्रैः परं

व्याख्यातं भरतादिभिः परिवृतं रामं भजे श्यामलम् ॥१॥

रघुवर तव मूर्तिर्मामके मानसाब्जे

नरकगतिहरं ते नामधेयं मुखे मे ।

अनिशमतुलभक्त्या मस्तकं त्वत्पदाब्जे

भवजलनिधिमग्नं रक्ष मामार्तबन्धो ॥२॥

इत्यादि स्तुति करि श्रीशरणागतिमन्त्र पढ़ि श्रीयुगल को तीन-तीन साष्टाङ्ग प्रणाम करि, श्रीस्वामिनीजी के बायें श्रीभक्तिजी के समीप में बैठ के श्रीशोभासिन्धुजी की शोभा अवलोकन करि प्रेमानन्द में मग्न भया। यही विधि से उत्थापन-सेवा, मङ्गलभोग, मङ्गल-आरती भई।

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...and feeds the Mistress. The Pair are given two sips of water, their mouths are wiped, cardamom is offered, and the servant tastes the bliss of love. Śrī Bhakti now brings a blazing seven-wicked lamp—its flames like Agni's seven tongues—and places it on a stool before them. The lover circles water three times around the Lord's whole body and pours it into the sipping vessel, then circles a cloth around the body as an offering and gives it to a maidservant. Śrī Bhakti rings an auspicious bell while the companions play divine vīṇā, mṛdaṅga, bronze gong, small bell, conch, and other instruments.

The newly loving servant raises the lamp with both hands. Before the remover of distress it is circled four times at the lotus feet, twice at the navel, once before the face, and seven times around the whole form—fourteen circuits in all. The Mistress is worshipped in the same manner, or Sītā and Rāma may receive the ārati together. Water and cloth are circled around both bodies as before; three flower-offerings are placed at each set of feet while reciting the paired mantra. After four circumambulations, the servant praises them: 'I worship dark Rāma, seated with Vaidehī beneath the celestial tree in the great golden pavilion, upon a jeweled heroic throne at the centre of the flower-seat. Before him the Wind-god's son expounds the supreme truth to the sages, while Bharata and the others surround him. O Raghubara, may your form dwell in the lotus of my mind, your hell-destroying name upon my lips, my head forever at your lotus feet in matchless devotion. I am submerged in the ocean of becoming—protect me, friend of the afflicted.'

After such praises, recite the mantra of surrender and prostrate fully three times to each of the Pair. Sit beside Śrī Bhakti, to the Mistress's left, behold the ocean of their beauty, and become immersed in love's bliss. In this manner the awakening service, auspicious light meal, and auspicious ārati are complete.

Page unit 6

Entrance into the universal delight assembly

ORIGINAL · DEVANAGARI

आगे श्रीअवधवासी रघुवंशी आदि समस्त प्रेमी श्रीरघुकुलवल्लभजी के दर्शनाभिलाषी जन सर्वतोष सभा में आये। तब तिनके दर्शन-प्रार्थना मिसु श्रीरघुनन्दन-सुयश वन्दीजन गान किये। सो सुनि श्रीरघुवरकिशोरजी श्रीनिमिराजकिशोरीजी की ओर अवलोकन करि सङ्ग ही उठे, और श्रीभक्तिजी के दिये धनुर्बाण धारण करि सेवानिष्ठ साधक के स्थापित मखमल-सुवर्णसूत्र-रचित पदत्राण धारण करि मन्द-मन्द पधारे। श्रीभक्ति चारुशीलाजी छत्र धारण करती भईं और सहचरीवर्ग व्यजन, चामर आदि लेके चलती भईं। युगलसखी पुरुषवेष किये मणिजटित सुवर्ण की छड़ी लिये महामधुर स्वर से नकीब बोलती चलीं, यथा—'जय जय श्रीजानकीकान्त! श्रीरघुनन्दनकान्ताजी, आपकी जय होय! प्रीति-रीति, कृपा-कलाप, तेज-प्रताप की अतिशय वृद्धि होय! हे निजजन-लोचन-चकोरवृन्द-आनन्ददायक युगल चारुचन्द्रजी, आपका महामङ्गल होय!' इत्यादिक शब्द बोलती चलीं। तब सेवाभिलाषी जन श्रीप्रभु-रुचि पाय सर्वतोष सभा में आय श्रीप्रभु का आगवन सुनाया। सुनते ही सब जन मानों घनधुनि से चातक-मयूर सुखपूर उठ खड़े भये। ताही समय शोभादामिनी श्रीसियाभामिनी भूषित ब्रह्मानन्दघन-सुख-सुखमा-वारि को झरी कर सभा सुशोभित कर देती भईं। सर्वजन कराञ्जलि करि जय-जयकार शब्द करने लगे। श्रीयुगलसुन्दरजी सिंहासन में विराज गये। तब सब प्रेमीजन यथायोग्य आशीर्वाद, जोहार, प्रणाम, निवेदन किये। श्रीशोभाशीलसिन्धुजी प्रणाम करि कृपादृष्टि से करकञ्ज उठाय, प्रियवचन कहि, यथोचित सबका सम्मान करते भये। ताही समय निज सखावृन्द सङ्ग लिये श्रीलखनलालजी आये और कर जोरि बोले, 'अग्रज-सेवाकांक्षी लक्ष्मणकृत प्रणति अङ्गीकार होय।' ऐसा कहि साष्टाङ्ग प्रणाम...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

All the lovers of Ayodhyā—the Raghus and others—come to the Hall of Universal Delight, longing for a sight of the Beloved of Raghu's line. As if voicing their prayer for that vision, court bards sing Raghunandana's praise. Hearing them, youthful Raghubara looks toward the princess of King Nimi's house, and the two rise together. He takes the bow and arrows given by Śrī Bhakti and puts on velvet slippers embroidered with golden thread that the devoted practitioner has set before him. They proceed gently. Lovely Śrī Bhakti bears the parasol, while companions follow with fans and fly-whisks. A companion of the Pair, dressed as a male herald and holding a jewel-studded golden staff, walks ahead proclaiming in an exquisitely sweet voice: 'Victory to Jānakī's beloved! Victory to beloved Raghunandana! May your ways of love, abundance of grace, splendour, and majesty grow without limit. O lovely twin moons who delight the partridge-like eyes of your own people, may supreme auspiciousness be yours!'

Receiving the Lord's pleasure, the servant eager for service enters the Hall of Universal Delight and announces his arrival. Everyone springs to their feet, filled with joy like rain-birds and peacocks at the thunder of clouds. At that moment Sītā, lightning of beauty, adorns the assembly by showering the water of loveliness and joy from the dense cloud of divine bliss. All fold their hands and cry victory. The beautiful Pair sit upon the throne. The lovers offer blessings, salutations, prostrations, and petitions as appropriate; the ocean of lovely virtues returns their bows, raises a lotus hand in compassion, speaks loving words, and honours each one.

Then beloved Lakṣmaṇa arrives with his circle of friends, folds his hands, and says, 'May the prostration of Lakṣmaṇa, who longs to serve his elder brother, be accepted.' Saying this, he makes a full prostration...

Page unit 7

The brothers' welcome and auspicious gifts

ORIGINAL · DEVANAGARI

...किये। सो अवलोकन करिके स्नेहसिन्धु बन्धुजी उठाय हर्षित हृदय में लगाय के सुखसिन्धु में मग्न करि के बैठ गये। और जब श्रीप्राणनाथजी उठते हैं तब श्रीजनकनन्दिनीजी भी सदा उठ खड़ी हो जाती हैं; तेऊ बैठ गईं। तब लखनलालजी श्रीस्वामिनीजी के चरणों में शिर धरि प्रणाम करि अभिमत आशीष पाय प्रभु के दक्षिण आसन पर विराज गये। तब श्रीभरतलालजी तथा श्रीशत्रुघ्नलालजी निज सखागण सङ्ग लिये और दासवर्गसहित मनोहर सज्जु तनुधारी श्रीहनुमानजी आये और निज-निज नामोच्चारणपूर्वक प्रणाम किये, यथा—'अग्रज-पदपङ्कज-प्रेमाभिलाषी भरतकृत प्रणाम प्राप्त होय। ज्येष्ठ-सेवानिष्ठ शत्रुघ्नकृत पदवन्दना स्वीकार होय। रघुबीर-चरणानुचर हनुमतकृत चरणाभिवन्दन ग्रहण होय।' इसी प्रकार से सब सखा-दासवर्ग प्रणाम करते भये। तब श्रीभरताग्रज सस्नेह सबको हृदय में लगाये। फिर सब कोई श्रीजनकनन्दिनीजी के पदपङ्कज में शिर धरि-धरि प्रणाम करि आशीष पाये। पुनि श्रीलखनलालजी सब से मिलि के यथोचित बैठाये—अर्थात् श्रीरामजी के दक्षिण श्रीभरतलालजी, तिनके दक्षिण श्रीलखनलालजी, तिनके दक्षिण श्रीशत्रुघ्नलालजी, तिनके दक्षिण कुछ तिरछे श्रीहनुमानजी बैठे; और सखा-दासवर्ग दोनों दिशि यथायोग्य अर्धचन्द्राकार मण्डल से बैठे। श्रीरामचन्द्र-मुखचन्द्र-सुधा-माधुरी को निज-निज लोचन-चकोर करि सप्रेम पान करि रहे हैं। श्रीमुख-दर्शनाभिलाषी जनवर्ग सबहीं को समान सुख-सन्तोष होता भया, तदपि शोभासुधा पान की सौगुनी प्यास बढ़ती भई। तब श्रीभरतलालजी तथा श्रीलखनलालजी के लाये मङ्गल थार श्रीदिव्यदम्पतीजी के सन्मुख धरे गये। तिन्हें सानन्द अवलोकन करते भये। श्रीभक्तिजू और श्रीरामानुरागी जन उठ के श्रीलखनलालजी के...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...which the ocean of affection beholds. The elder brother lifts Lakṣmaṇa up, joyfully embraces him, immerses him in the ocean of happiness, and sits again. Whenever her beloved rises, Janakanandinī too always stands, and she now sits with him. Lakṣmaṇa places his head at the Mistress's feet, receives the blessing he desires, and sits on the seat to the Lord's right.

Bharata and Śatrughna arrive with their circles of friends, and Hanumān comes in his handsome, well-arrayed form together with the servants. Each announces his own name while bowing: 'May the reverence of Bharata, who longs in love for his elder brother's lotus feet, be received. May the foot-homage of Śatrughna, steadfast in serving the eldest, be accepted. May the salutation of Hanumān, follower of Raghubīra's feet, be received.' Friends and servants bow in the same way. Bharata's elder brother lovingly embraces everyone. They each place their heads at Janakanandinī's lotus feet, bow, and receive her blessing.

Lakṣmaṇa greets them all and seats them appropriately: Bharata to Rāma's right, Lakṣmaṇa to Bharata's right, Śatrughna next, and Hanumān a little diagonally beyond him. Friends and servants sit on both sides in a fitting half-moon formation. Making their eyes into partridge birds, they lovingly drink the sweet nectar of the moon that is Rāmacandra's face. Everyone who longed for that vision receives equal happiness and satisfaction, yet drinking the nectar of beauty multiplies their thirst a hundredfold. The auspicious trays brought by Bharata and Lakṣmaṇa are now placed before the divine Couple, who look upon them with delight. Śrī Bhakti and the lover of Rāma rise and take from Lakṣmaṇa's tray...

Page unit 8

Garlands, audience, and the call to bathe

ORIGINAL · DEVANAGARI

...थार से युगल पुष्पमाला श्रीयुगल सरकार के श्रीकण्ठों में अर्पण करि, कमल के पुष्प, जूही के गुच्छा सुँघाय करकञ्जों में दे दिये। उसी थार से माला श्रीभरतजी को पहिराय के पुष्पगुच्छा भी दे दिये। तैसे ही श्रीभरतलाल वाले थार से भी माला श्रीयुगल प्रभुन को पहिराय, श्रीलखनलालजी को, श्रीशत्रुघ्नलालजी को और श्रीहनुमानजी आदिकों को माला, गुच्छा, कमल अर्पण कर पुनि श्रीरघुनन्दनजी और श्रीस्वामिनीजी को दृष्टिभोग मेवा-मिठाई अर्पण करि और सबको दृष्टिभोग अर्पण किये। तदुपरि इसी रीति से इलाइची खवाय, सबके अतर लगाये। तब श्रीभक्तिजू अग्रभाग में आरती धर देती भईं और श्रीभक्तिजू की सहचरीवर्ग प्रथम की नाईं बाजा बजाने लगीं। अनुरागी जैसे प्रथम आरती करि आया है तैसे ही श्रीसीतारामचन्द्रजी की आरती करिके पश्चात् तीन-तीन बार श्रीभरतलालजी, श्रीलखनलालजी, श्रीशत्रुघ्नलालजी, श्रीहनुमानजी आदि सबकी आरती किया। पुनि तीन बार सर्व समाज की ओर दृष्टि करि आरती करिके प्रथम रीति से बारिवस्त्र उतारि, तीन-तीन पुष्पाञ्जलि श्रीयुगलचन्द्रचरणों में दिया; एक-एक पुष्पाञ्जलि श्रीभरतादिकों को दे के इतने ही साष्टाङ्ग प्रणाम करि, सबके चरणों में शिर धरि-धरि कृपाकर-स्पर्श पाय, श्रीस्वामिनीजी के वामदिशि श्रीभक्तिजू के पास बैठ गया। इस प्रकार सर्वतोष सभा में श्रीवल्लभ-सेवावल्लभ आरती होती भई। तदनन्तर गानकला सखीसमाजयुक्त यन्त्रवाद्यसहित श्रीरघुनन्दन-जनकनन्दिनी-सुयशगान करती भई।

तब श्रीसुमन्तसुत श्रीसुमुखजी उठ के कराञ्जलि जोरि बोले, 'हे श्रीमन्महाराजनन्दनजी! स्नान का समय भया।' यह सुनि श्रीसरयूकूलविहारीजी सहित समाज सहोदरों की ओर देखे। तब सब कोई कर जोरि के उठ खड़े भये। श्रीरघुनायक...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...twin flower garlands and place them around the divine Couple's necks. They offer lotus blossoms and clusters of jasmine to smell and then place them in the Pair's lotus hands. From that same tray Bharata receives a garland and flower cluster. In the same way the tray brought by Bharata supplies garlands for the Pair, then garlands, clusters, and lotuses for Lakṣmaṇa, Śatrughna, Hanumān, and the others. Dried fruits and sweets are offered first to Raghunandana and the Mistress as a feast for the eyes and then to everyone. Cardamom is given in the same manner and perfume applied to all.

Śrī Bhakti sets the ārati in front, and her companions play instruments as they did during the first worship. The lover performs ārati to Sītā and Rāma in that earlier manner, then circles it three times before Bharata, Lakṣmaṇa, Śatrughna, Hanumān, and each of the others, and three times toward the whole assembly. Water and cloth are offered as before. Three flower-offerings are placed at the Pair's feet and one before each of Bharata and the others. The servant prostrates fully the same number of times, places the head at everyone's feet, receives the touch of their gracious hands, and sits beside Śrī Bhakti to the Mistress's left. Thus, in the Hall of Universal Delight, the ārati beloved of the Beloved and of service is completed. Companions skilled in song now praise Raghunandana and Janakanandinī with instrumental music.

Then Sumukha, son of Sumantra, rises, folds his hands, and says, 'O glorious prince, it is time to bathe.' Hearing this, the wanderer on Sarayū's bank looks toward his brothers and the whole assembly. Everyone folds their hands and stands. The Lord of the Raghus...

Page unit 9

The Sarayū bath and first dressing

ORIGINAL · DEVANAGARI

...जी सबों की ओर श्रीकृपादृष्टि करि कहते भये, 'अब स्नान करना चाहिये। हे श्रीभरतलाल, श्रीलखनलाल! आप सब कोई स्नान-सन्ध्यादि नित्य करिके जेवनार करने को शीघ्र आओ।' श्रीमुखवचनामृत शिर धरि चरणाभिवन्दन करिके पधारे और सर्व सभाजन यथोचित श्रीरघुनन्दनजी को आशीर्वाद-अभिवन्दन करि श्रीरामरूप हृदय में धरि के गये। तब प्रिया सहित श्रीरघुवंशभूषण परम विचित्र पालकी पर चढ़ि स्नानशाला के समीप आये। स्नानशाला की अधीश्वरी श्रीप्रेमतरङ्गिणीजी निज किंकरिन सहित आय आरती करि अर्घ्य देके मज्जनशाला में लिवाय गईं। श्रीमहाराज किशोर-किशोरीजी यान से उतरि आसन पर विराजे। तब श्रीरघुनन्दनजी सानन्द मन्द विहँसि बोले, 'हे प्राणप्रिये! स्नान करना चाहिये।' सो सुनि प्रियाजी सप्रेम कहती भईं, 'हे प्रियंवद प्रभो! बहुत अच्छा।' तब श्रीचन्द्रकलादि सखीवर्ग के सहित निज स्नानशाला को पधारीं। तब श्रीरघुनन्दनजी वस्त्र-विभूषण उतारे। श्रीभक्तिजी और भक्तिजन दिव्य सुगन्धशाली तैल-उबटनादि श्रीअङ्गों में तथा केशों में लगाने के पश्चात् फुहारा सरीखे यन्त्रों से सुगन्धजल की सूक्ष्म सहस्रों धारा श्रीअङ्ग पर गिरती भईं। तिन्हें बन्द कर दास-सखादि दोनों सेवोत्साही दिव्य मङ्गल-विग्रह की मालिश करि महामोद को पाये। तदुपरि श्रीभक्तिरसमण्डनजी जिस कुण्ड में श्रीसरयूजी की नहर लगी है तिसमें तीन गोता लगाय स्नान करि निकल आये। श्रीभक्तिजी और तदाश्रित जन भींजे महीन वस्त्रों से श्रीअङ्गों को पोंछि प्रथम सूत का वस्त्र दिये। तिसको पहिर के श्रीप्रभु भीजा वस्त्र त्याग किये। तब कांचनसूत्रयुत लालकिनारीदार दिव्य पीताम्बर धारण कराया। उसी के साथ सुवर्णसूत्ररचित बीच-बीच मणिजटित बन्दयुत विचित्र कटिसूत्र भी धारण कराया। फिर दिव्यासन...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...looks graciously upon everyone and says, 'Now it is time to bathe. Bharata, Lakṣmaṇa—all of you should perform your daily bathing, twilight worship, and other duties, then return quickly for the meal.' They place the nectar of his words upon their heads, bow at his feet, and depart. All the members of the assembly offer Raghunandana fitting blessings and salutations, hold Rāma's form in their hearts, and leave.

The ornament of Raghu's line mounts an exquisite palanquin with his beloved and reaches the bathing palace. Premataraṅgiṇī, mistress of the bathing chamber, comes with her maids, performs ārati, offers the respectful water, and escorts the youthful royal Pair inside. After descending from the conveyance and sitting, Raghunandana smiles softly in delight and says, 'Beloved of my life, we should bathe.' She lovingly replies, 'As my sweet-speaking Lord wishes,' and goes with Candrakalā and the other companions to her private bathing chamber.

Raghunandana's clothes and ornaments are removed. Śrī Bhakti and the devotees anoint his limbs and hair with fragrant oil and cleansing paste; fountain-like devices then send a thousand fine streams of scented water over his body. When they are closed, servants and friends eager for service massage the auspicious divine form and taste supreme joy. The Lord, ornament of the rasa of devotion, enters the pool fed by a channel from Sarayū, immerses himself three times, and comes out. Śrī Bhakti and those who follow her dry his limbs with fine damp cloths and give him a first cotton garment; after putting it on he discards the wet cloth. A divine yellow robe with red edging and golden thread is wrapped around him, together with an ornate girdle of gold thread, jeweled at intervals and furnished with clasps. Then a divine seat...

Page unit 10

Morning rite and jeweled adornment

ORIGINAL · DEVANAGARI

...युत चौकी कुण्ड के तीर पर पूर्वमुख धर दिया। तिस पर बैठ के श्रीप्रभु सामान्य तिलक करि प्रातःसन्ध्या किये। पुनि पादुका पहिर के चले, समाजसहित आय के दिव्य श्रृङ्गारमहल में विराजे। तब श्रीभक्ति सेवासौभाग्यवतीजी तथा सेवासुभागी जन सेवासामग्री सुधार के सेवा करने लगे। श्रीअलकावली सम्हारि शिखाबन्धन करि ललित रेखारचित केसर का तिलक किया; और भक्ति-भक्त दोऊ श्रीप्रभु के सर्वाङ्ग में केसर का अङ्गराग अनुलेपन कर पीत यज्ञोपवीत पहिराया। श्रीचरणों में मणिजटित नूपुर अथवा मणिजटित तोड़े पहिराया। करकञ्जों में श्वेत-रक्तमणिजटित कङ्कण और स्वर्णरचित पञ्चरङ्गमणिजटित पहुँची पहिराये। दोनों हस्तों की अनामिका-कनिष्ठिका अङ्गुलियों में दिव्यमणिजटित मुद्रिका पहिराये। युगलबाहू में श्वेत-रक्त-हरितमणिजटित अङ्गद पहिराये। श्रीकम्बुकण्ठ में कण्ठा—कि जिसमें ढाई अङ्गुल लम्बायमान और कराङ्गुष्ठ के बराबर मोटा रक्तवर्ण श्रीकौस्तुभमणि मध्य में है, तिसके दोनों दिशि हरितमणि, तिनके दोनों दिशि हीरा, तिनके दोनों दिशि रक्तमणि, तिनके दोनों दिशि इन्द्रनीलमणि, तिनके दोनों दिशि पीतमणि—इस प्रकार विचित्र पञ्चरङ्गमणिजटित श्रीउराभरण है, सो धारण कराया। तिसके नीचे गजमुक्ताओं की माला, जिसके मध्य में पञ्चरङ्गमणिजटित चौकोण पदिक सोहत है और पदिक-चौकी के दोनों दिशि एक-एक मणि, फिर एक-एक रक्तमणि, पुनि एक-एक हरितमणि, फिर तीन-तीन गजमुक्ता, पुनि दो हरित के मध्य में एक रक्तमणि, फिर तीन-तीन गजमुक्ता—इसी प्रकार पचास मणिगणों से रचित हार हृदय तक है—सो पहिराया। तिसके नीचे मणिकृत कमलों की माला, जिसमें नील, रक्त, श्वेतवर्ण मणिगणों को कोरिके कमल रचे; इस प्रकार से गुहे हैं कि एक-एक नील और...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...with a low stool is set facing east on the bank of the pool. Seated there, the Lord applies the ordinary tilaka and performs the morning twilight rite. He puts on sandals, goes with the assembly to the divine palace of adornment, and sits. Fortunate Śrī Bhakti and the other blessed servants arrange the articles and begin their service. They order his curls, bind the crown-lock, and paint a graceful linear tilaka of saffron. Bhakti and the devotee anoint all his limbs with saffron paste and place a yellow sacred thread upon him. Jeweled anklets or heavy jeweled foot-rings adorn his feet. His lotus hands receive bracelets set with white and red gems and golden wristlets set with gems of five colours. Divine jeweled rings are placed on the ring and little fingers of both hands; armlets set with white, red, and green gems adorn both arms.

Around his conch-like neck they place a collar whose central red Kaustubha gem is two and a half fingers long and as thick as a thumb. On either side come green gems, then diamonds, red gems, sapphires, and yellow gems: a wondrous five-coloured jeweled breast ornament. Beneath it hangs an elephant-pearl necklace. At its centre shines a square pendant set with five-coloured gems; to either side of the pendant lie one gem, one red gem, one green gem, three elephant pearls, then a red gem between two green ones, followed by three more elephant pearls. The necklace, made of fifty gems in this repeated arrangement, reaches the heart. Beneath it is a garland of jeweled lotuses made by carving blue, red, and white gems, strung so that there is one blue and...

Page unit 11

Completion of adornment and Sītā's arrival

ORIGINAL · DEVANAGARI

...एक-एक रक्त, तब दो-दो श्वेत कमल हैं। इसी प्रकार से सौ कमल गुहे हैं और सुमेरु में लघु-लघु मणिगणों का गुच्छा लगा है। सो तीन रङ्ग मणिकमलों की माला पहिराये। एवं श्रीउरकण्ठ में ये तीन भूषण मुख्य पहिराये और प्रेमीपूजक निज देशरचित रुचिअनुकूल भूषण भी पहिरावे। और श्रीश्रवणों में कुण्डल अर्थात् खुबर के बालाओं में एक-एक श्वेतमणि, पुनि एक-एक हरितमणि, और तीसरा सुराहीदार डेढ़ अङ्गुल लम्बायमान रक्तमणि, पुनि एक-एक हरितमणि, एक-एक श्वेतमणि—इस प्रकार पञ्चमणिमय कुण्डल कपोलों तक झूलते भये—ते पहिराये। अथवा मकरकुण्डल, अर्थात् सुवर्ण के मणिजटित लघु-लघु मीन, मुख-पुच्छ मिलित, कर्णों में प्रवेशित, कपोलों के मध्य में झूलते भये; तिनके मध्य में नीचे एक-एक सुराहीदार लालमणि लटक रहे हैं—ते पहिराये। और श्रीमस्तक में सहस्रमणिजटित नवखण्ड का कांचनकिरीट धारण कराया। पुनि हरित तुलसी और रक्त-श्वेत-पीत सुगन्धित पुष्पों की वनमाला धारण करायी। पुनः सुवर्णसूत्ररचित लालकिनारी का दूसरा पीताम्बर दोनों स्कन्धों पर से धारण कराया। इस प्रकार सहज श्रृङ्गार करि के शोभा अवलोकन किया।

तदुपरि प्रीतिरूपा भक्तिजू की रुचि पाय के श्रीस्वामिनी-श्रृङ्गारकुञ्ज के समीप जाय इस प्रकार उच्चारण किया, 'अनन्त श्रीस्वामिनी महारानी श्रीरघुनन्दनवल्लभाजी की जय-जयकार हो।' तब श्रीस्वामिनीजी की आज्ञा भई कि 'आओ।' ऐसा सुनि जाय साष्टाङ्ग प्रणाम करि बोला, 'हे श्रीकृपावतीजी! अनन्त श्रीरघुवंशविभूषण प्राणप्रियजी सब श्रृङ्गारसम्पन्न विराजे हैं; अब केवल आपके दर्शनानन्द की इच्छा है, सो पूर्ण करिये।' यह सुनि सानन्द कृपावलोकन करि दिव्य विभूषण-वस्त्रादि सोलहों श्रृङ्गार धारण किये पधारती भईं। समाजसहित स्वामी...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...one red, then two white lotuses. One hundred such lotuses are strung, and at the summit hangs a cluster of tiny gems. This three-coloured garland of jeweled lotuses is placed upon him. These are the three principal ornaments of the Lord's breast and throat, though the loving worshipper may also offer ornaments made in the practitioner's own country and suited to personal devotion.

The ears receive earrings: each is made of a white gem, then a green gem, then a third red, flask-shaped gem one and a half fingers long, followed by another green and another white gem. These five-gem earrings hang to his cheeks. Alternatively, offer makara earrings—small gem-studded golden fish whose mouths and tails meet, inserted in the ears and hanging at mid-cheek, with a flask-shaped red gem suspended beneath each. A nine-section golden crown set with a thousand gems is placed upon his head. He receives a forest garland of green tulasī and fragrant red, white, and yellow flowers, and a second yellow cloth, red-edged and woven with golden thread, is draped over both shoulders. Having performed this natural adornment, the servant gazes upon his beauty.

With the approval of Bhakti, love personified, the practitioner goes near the Mistress's adornment bower and proclaims, 'Endless victory to the sovereign Mistress, beloved of Raghunandana!' She commands, 'Come.' The servant enters, prostrates fully, and says, 'O gracious Lady, the infinitely beloved ornament of Raghu's line is seated in complete adornment; only the joy of seeing you is now desired. Please fulfil it.' Hearing this, she casts a joyous, compassionate glance, puts on divine ornaments, garments, and all sixteen adornments, and proceeds with her retinue toward her Lord...

Page unit 12

The family gathers for the royal meal

ORIGINAL · DEVANAGARI

...समीप में आय के पदपङ्कजों में पुष्पाञ्जलि अर्पण करि, नयनों से प्रणामरूप पूजन करि, सङ्ग में वामभाग विराज गईं। उसी अवसर में प्रतिहारी आय कर जोरि के श्रीभरतलाल आदिकों का आगमन निवेदन किया। सुनि के श्रीरघुनन्दनजी बोले, ‘हे प्रीतिपुञ्जे! श्रीभरतादिक बन्धु आये हैं।’ श्रीभक्तिजू कहती भईं, ‘हे प्राणवल्लभजी! परम मङ्गल हुआ,’ और द्वारदेश में जाय सादर लिवाय लाईं। सब कोई आय पूर्वपरिचय-क्रम से श्रीदिव्यदम्पतीजी के पदपङ्कजों में शिर-स्पर्शपूर्वक प्रणाम करि-करि युगल करकमल-स्पर्श पाय-पाय, प्रभु की आज्ञानुसार निज-निज पदप्रक्षालन कराय सुवर्ण के आसनों पर यथोचित बैठ गये। अर्थात् श्रीप्रभु के दक्षिण श्रीभरतजी, पुनि श्रीलक्ष्मणजी, पुनि श्रीशत्रुघ्नजी तथा समस्त सखावर्ग; और श्रीयुगलकृपालूजी के वामदिशि श्रीहनुमानजी आदिक प्रियदास-सखा तथा सखीवर्ग सब यथोचित विराज गये। तब सेवानुरागी श्रीभरतादि भ्राताओं को शिर से चरणस्पर्शयुत प्रणाम किया और दिव्य चन्दन की चौकियाँ श्रीसीतारामजी के तथा श्रीभरतादिकों के आगे धर दिया।

तदुपरि दिव्य अमृतमय भोजनपदार्थों से भरे भये थार श्रीस्वामी-स्वामिनीजी के आगे चौकियों पर धर दिया और सर्व समाज के अग्रभाग में श्रीभक्तिजी की किंकरीवर्ग सब भोजनवस्तु थारों में धर देती भईं। तब सेवाभिलाषी जन दिव्य दूध की पायस-खीर षट् सुवर्ण के कटोरों में कर के एक थार में धर के श्रीराघवेन्द्रजी के आगे धर दिया; तथा श्रीभक्तिजू श्रीसरयूजल लघु-दीर्घ दो-दो पात्रों में भरि के सब के आगे धर देती भईं। सुजन ने प्रथम की नाईं धूप-दीपादि करि के प्रार्थना की, कि ‘हे भावग्राहक भरतबन्धो! इस बालक से कुछ बनता नहीं; आप अपनी कृपालुता से निज...’

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...and, on reaching him, offers flowers at his lotus feet, worships him with a reverent gaze, and sits at his left. A door-keeper then comes with folded hands and announces Bharata and the others. Raghunandana says, ‘O treasury of love, our brothers Bharata and the others have arrived.’ Śrī Bhakti replies, ‘Beloved of my life, this is supremely auspicious,’ goes to the doorway, and respectfully escorts them in.

Following the earlier order of greeting, each places the head at the divine Couple’s lotus feet, bows, and receives the touch of their lotus hands. At the Lord’s command they have their feet washed and take suitable golden seats: Bharata at the Lord’s right, then Lakṣmaṇa, Śatrughna, and all the friends; to the gracious Pair’s left sit Hanumān and the other beloved servants and friends, together with the women companions. The practitioner devoted to service bows to Bharata and the brothers from head to foot, then places divine sandalwood stools before Sītā–Rāma and before Bharata and the others.

Trays filled with divine, nectar-like foods are set on stools before the Lord and Mistress; Śrī Bhakti’s maidservants place trays of every dish before the entire assembly. The servant eager for service fills six golden bowls with divine milk pudding, sets them on one tray, and places it before Rāghavendra. Śrī Bhakti sets two vessels, one small and one large, filled with Sarayū water before each diner. As during the first worship, the good servant offers incense and lamps and prays, ‘O Bharata’s brother, knower of inward feeling, this child can accomplish nothing. Through your compassion, please bring your own...’

Page unit 13

Serving the feast

ORIGINAL · DEVANAGARI

...सेवा सफल करिये।' तब श्रीप्रभु प्राणप्रियजी कृपायुत मन्द विहँसि श्रीभक्तिजू की ओर अवलोकि के सेवक पर कृपादृष्टि करि, आचमन लै के उन षट् पायसपात्रों में एक पात्र में से ग्रास श्रीमुख में देने लगे। जब तीन ग्रास पाये तब श्रीस्वामिनीजी ने उस पात्र को उठाय के श्रीभरतलालजी की ओर कृपादृष्टि करि अनुरागी जन के हाथ में धर देती भईं। प्रेमी श्रीभरतलालजी को अर्पण किया। ऐसे ही श्रीबन्धुवल्लभ प्रभु प्रत्येक पात्रों में से तीन-तीन ग्रास पावते हैं। तब श्रीस्वामिनीजी पात्रों को उठाय के प्रेमी के हाथ से श्रीलक्ष्मणजी को, श्रीशत्रुघ्नजी को, श्रीहनुमानजी आदि को देती भईं। तदुपरि श्रीजानकीवल्लभजी पञ्चम पात्र में से पञ्च ग्रास पाय के वह पात्र उठाय के श्रीसतीशिरोमणि प्रियाजी के हाथ में धर दिये और भ्राताओं से कहते भये, 'हे तात! सब कोई पावो।' सो आज्ञा शिर धरि सब कोई श्रीरामप्रसाद पावने लगे। तथा श्रीपतिव्रतपताकावती स्वामिनीजी ने भी प्रियतम की रुचि पाय प्राणनाथ की प्रसादी पावने लगीं। श्रीप्रभु के पावते समय में पूजक प्रेमीजन व्यजन करता भया।

ऐसा चिन्तवन करै कि श्रीसीतारामजी समाज के सहित ये सब दिव्य पदार्थों का भोजन करि रहे हैं; यथा प्रथम दिव्य पायस, पुनि दाल-भात, गोघृत, केसर की कढ़ी-पकौड़ी, तथा लोकप्रसिद्ध शुद्ध स्वादिष्ट व्यञ्जन, अनेक प्रकार शाक—परवर, कदली, करेला इत्यादि—और पूरी, पूरणपूरी, कचौड़ी, पापड़ आदिक; पक्के आम, पके केला, पक्का कटहर, अमरूद, नारङ्गी, सेब, लीची, खिरनी और ऋतु-ऋतु के अनेक फल; तैसे ही आम, अदरख, कटहल, कागदी निम्बू आदिकों के अचार; आँवरा, सेब, नासपाती आदि के मुरब्बा; मालपुआ, मोहनभोग, खाजा, दहिबरा, बहुत प्रकार के मोदक, पेड़ा, करी बरफी, जलेबी, अमरती...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...make this service successful.' The Lord, beloved of his devotees, smiles gently with compassion, looks toward Śrī Bhakti, and casts a gracious glance upon the servant. After sipping water, he begins to receive morsels from one of the six bowls of milk pudding. When he has taken three morsels, the Mistress lifts that bowl, looks graciously toward Bharata, and places it in the loving servant's hands to offer him. The Lord beloved of his brothers likewise takes three morsels from each bowl; the Mistress then lifts each vessel and, through the servant's hands, gives it to Lakṣmaṇa, Śatrughna, Hanumān, and the others.

Jānakī's beloved takes five morsels from the fifth bowl, places it in the hand of his beloved—the crown of faithful wives—and tells his brothers, 'Dear ones, all of you partake.' Holding the command upon their heads, they begin to receive Rāma's prasāda. The Mistress, banner of fidelity, receives her beloved's wish and also takes the remnants of the Lord of her life. While the Lord eats, the loving worshipper fans him.

Contemplate Sītā, Rāma, and the whole assembly eating every divine dish: first milk pudding, then lentils and rice, cow's ghee, saffron curry with fritters, and every renowned pure savoury preparation; many vegetables such as pointed gourd, plantain, and bitter gourd; purīs, stuffed sweet purīs, kachaurīs, and papads; ripe mangoes, bananas, jackfruit, guavas, oranges, apples, lychees, khirnī fruit, and the fruits of every season; pickles of mango, ginger, jackfruit, citron, and more; preserves of āṃvarā, apple, pear, and others; mālpūā, mohanbhoga, khājā, dahī-baṛā, many kinds of modaka, peṛā, creamy barfī, jalebī, and imartī...

Page unit 14

Completion of the feast and return to court

ORIGINAL · DEVANAGARI

...गुलाबजामुन, फेनी, बतासफेनी इत्यादिक अनेक पकवान-मिठाई; खीर, मलाई, दधि, ओदन, सिखरन इत्यादिक षट्रस चारि भाँति छप्पन प्रकार के भोजनों में जो-जो अपने को प्रिय होय सो सब ध्यान-भावना करै। और अति प्रेमाभिलाष होय तो मूलमन्त्र उच्चारण करते अपने हाथ से पवावै भी, तथा श्रीस्वामिनीजी को भक्तिजू के हाथ से पवावना ध्यान करै। बीच में और अन्त में सुगन्धित सरयूजल पान करावे।

तदनन्तर भक्ति-सहचरीवर्ग प्रसादी थाल उठाय के अन्यत्र धर, रूपे-चाँदी के कोपरों में उशीर-खस धर के श्रीरघुवर-स्वामिनीजी के आगे धर देती भईं। तिन्हीं पात्रों में झारी से जल दे के भक्ति-भक्त ने अँचवन कराय, मुख-हस्त पोंछने को वस्त्र अर्पण किया। इसी भाँति भक्ति-किंकरीवर्गों ने सब समाज को आचमन कराया। आगे की भूमि का उच्छिष्ट झार के शुद्ध कर देती भईं। तब भक्तजन दिव्य ताम्बूल श्रीयुगल प्रभुन को खवाय के और कंचन के थार में बीरा भर के श्रीसीतारामजी के आगे धर दिया। तब श्रीरघुवंशशिरोमणिजी दो-दो बीरा श्रीभरतलालजी, श्रीलखनलालजी, श्रीशत्रुघ्नलालजी, श्रीहनुमत-चारुशीलमणिलाल आदि को देते भये। ते दोनों हाथों से लै के माथ में लगाय खाते भये।

तदुपरि श्रीसीतारामचन्द्रजी सहित समाज सभा में आ के श्रीरत्नसिंहासन पर विराजे। श्रीभक्तिजू ने श्रीरघुनाथजी के हाथ में धनुर्बाण धारण कराया। श्रीलक्ष्मणजी दिव्य श्वेत छत्र लेते भये। श्रीभरतजी दक्षिण दिशि, श्रीशत्रुघ्नजी वाम दिशि युगल श्वेत चामर चलाने लगे। श्रीहनुमानजी श्रीभरतलालजी के समीप में खड़े हो के व्यजन बीजने लगे। श्रीभक्ति चारुशीलाजू श्रीशत्रुघ्नजी के निकट में स्थित हो के दूसरा पंखा करने लगीं और सखा-सखी...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...gulāb-jāmun, fenī, sugar-fenī, and innumerable other pastries and sweets; rice pudding, cream, curd, seasoned rice, śikharin, and every other preparation containing the six tastes—four varieties and fifty-six dishes in all. The practitioner should visualize whichever foods are personally dear. If love's longing becomes intense, recite the root mantra and feed the Lord with your own hand; contemplate Śrī Bhakti feeding the Mistress. Offer fragrant Sarayū water during and after the meal.

Bhakti's companions then remove the prasāda trays and set them elsewhere. They place vessels of shaped silver holding fragrant vetiver before Raghubara and the Mistress. Bhakti and the devotee pour water into those vessels from a ewer, help the Pair rinse, and offer cloths for wiping mouths and hands. Bhakti's maidservants help the entire assembly rinse in the same way, sweep away the remnants, and purify the ground before them. The devotee gives divine betel to the Pair and sets a golden tray filled with prepared rolls before them. The crown of Raghu's line gives two rolls each to Bharata, Lakṣmaṇa, Śatrughna, Hanumān, lovely-natured Maṇilāla, and the others. They receive them in both hands, touch them to their foreheads, and eat.

Sītā and Rāma return with the assembly to the hall and sit on the jeweled throne. Śrī Bhakti places bow and arrows in Raghunātha's hand. Lakṣmaṇa holds the divine white parasol; Bharata to the right and Śatrughna to the left wave twin white fly-whisks. Hanumān stands near Bharata and works a hand-fan, while lovely Śrī Bhakti stands near Śatrughna and fans from the other side. Friends, companions...

Page unit 15

Midday ārati and prasāda

ORIGINAL · DEVANAGARI

...दास-दासीगण कोई मधुर स्वर से गान-जयधुनि करने लगे, कोई पुष्पवर्षा करने लगे, कोई जे प्रथम आरती में कहे गये हैं ते बाजा बजाने लगे। और श्रीरामभावुक जन थारी में सुमनशोभासंयुक्त आरती आनि आगे धरि, जल और वस्त्र उतार के, सप्रेम दोनों हाथ से आरती उठाय चार बार चरणों में, दो फेरा नाभिदेश में, एक फेरा श्रीमुख में और सात बार सर्वाङ्ग में उतारा। ऐसे ही श्रीअखिलेश्वरीजी की उतारता भया, अथवा श्रीयुगलसरकार की एक ही साथ आरती किया। पुनि तीन-तीन फेरा श्रीभरतजी, श्रीलक्ष्मणजी, श्रीशत्रुघ्नजी, श्रीहनुमानजी आदि की उतारि के और समाज की ओर अनुसन्धान करि तीन बार आरती उतार के धर दिया। पुनि जल-पट उतारि के तीन-तीन पुष्पाञ्जलि श्रीयुगलचरणों में दिया और एक-एक पुष्पाञ्जलि श्रीभरतजी, श्रीलक्ष्मणजी, श्रीशत्रुघ्नजी, श्रीहनुमानजी की ओर दृष्टि कर के छोड़ दिया। पुनि श्रीनामगानपूर्वक चार प्रदक्षिणा कर, स्तुति करि के, श्रीसीतारामजी को तीन-तीन साष्टाङ्ग प्रणाम किया; और एक-एक साष्टाङ्ग प्रणाम श्रीभरतलालजी आदिकों को करि के श्रीभक्तिजू के निकट खड़े होय के समाजसहित अनन्त श्रीराजाधिराज किशोर-किशोरीजी की शोभा अवलोकि के कृतकृत्य हुए।

आरती के उपरान्त बाजा-यन्त्र सुधारि के गायक-गुणी यशगान करने लगे। जब एक पद पूर्ण हुआ तब श्रीभक्तवत्सल प्रभु भक्ततोषिणी श्रीभक्तिजू से बोले, ‘हे सर्वहितकारिणी! अपने परिकरों को प्रसाद पवाओ और तुम भी ग्रहण करो।’ आज्ञा सुनि श्रीमतीजी कहती हैं कि ‘हे कृपासिन्धो! बहुत अच्छा,’ कह शीश नवाय सहचरीवर्ग तथा सेवाभिलाषी जनसहित आ के श्रीसीताराम-प्रसादामृत यथोचित सबों को दे के आप भी ग्रहण किया। श्रीसरयूजल...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...male and female servants begin sweet songs and victory cries; some shower flowers, while others play the instruments named in the first ārati. The devotee of Rāma brings forward a lamp on a tray adorned with flowers, circles water and cloth, then lovingly raises the lamp with both hands. It is circled four times at the feet, twice at the navel, once before the face, and seven times around the entire body. The Sovereign Lady receives the same worship, or the divine Pair may be worshipped together. The lamp is then circled three times before Bharata, Lakṣmaṇa, Śatrughna, Hanumān, and the others, and three times toward the assembly as a whole.

Water and cloth are offered; three flower-offerings are placed at each set of the Pair’s feet, and one flower-offering is cast with the gaze toward each of Bharata, Lakṣmaṇa, Śatrughna, and Hanumān. Singing the divine Name, the servant circumambulates four times, offers praise, prostrates fully three times to Sītā and Rāma, and once to Bharata and the others. Standing near Śrī Bhakti, the servant becomes fulfilled by gazing upon the sovereign youthful Pair together with their whole assembly.

After ārati, skilled singers tune their instruments and begin songs of praise. When one song ends, the Lord who cherishes devotees says to Śrī Bhakti, who brings devotees satisfaction, ‘Benefactress of all, feed prasāda to your attendants, and you too partake.’ She bows her head and replies, ‘Very well, ocean of compassion.’ Accompanied by her companions and those who long to serve, she distributes the nectar of Sītā–Rāma’s prasāda appropriately to everyone and also receives it herself. Sarayū water...

Page unit 16

Repose in the flower chamber

ORIGINAL · DEVANAGARI

...पान कर आचमन कर परिकरों के सहित आय श्रीप्रभु को प्रणाम करती भईं। श्रीप्रभु के करकमलों से सपरिकर बीरा पाय प्रसन्न भईं। उसी समय में शयनभवन की सहचरी पुष्पसदन में पुष्पसज्जा आदि साज सम्हारि के आई और प्रणाम करि कर जोरि के खड़ी भई। तब प्रभु सबों की ओर कृपादृष्टि कर श्रीसियाजी सहित उठ कर चल दिये और सब सभाजन श्रीप्रभुरुचि जानि प्रणाम-आशीर्वाद कर-कर निज-निज सदनों को जाते भये। केवल मुख्य परिवार श्रीभरत-लक्ष्मणादिक चँवर-छत्रादि लिये शयनकुञ्ज-शाला को पधारे।

आय के शयनभवन के प्रथम आवरण के सिंहासन में श्रीरघुवर-जनककिशोरीजी बिराजे। श्रीभरतादिकों के करकमलों से सखीवर्ग चँवर-छत्रादि लेती भईं। श्रीभरत-लक्ष्मणादि भ्राता श्रीप्रभु की आज्ञा पाय प्रणाम कर विश्राम करने को पधारे। श्रीयुगलसरकार मुकुट-चन्द्रिकादि भूषण उतार के फूलबङ्गला के मध्य में पुष्पसज्जा पर आ विराजे और श्रीमुख-प्रक्षालन-कुल्ला कर शयन करते भये। तब श्रीभक्ति चारुशीलाजी और भावुक जन तथा सखीगण प्रणाम कर के शोभासिन्धु की शोभा हृदय में धर के बाहर निकल आये। कपाट बन्द कर दिये।

साधक गर्मी की ऋतु में बाहर बैठ के पुष्पमाला-रचित पंखा की रेशमडोरी खेंच के श्रीप्रभु को पवन करने लगा और सप्रेम नाचगानपूर्वक प्रभुशोभा का चिन्तवन करने लगा। तथा जाड़े की ऋतु में श्रीभक्तिजी के मुख से श्रीदिव्य गुणसिन्धुजी की सुशीलता, कृपालुता, वात्सल्यता, उदारता, क्षमा, शान्ति, सुलभता, मृदुता, मैत्रीपालकता, स्वजनदोषविस्मृति, सर्वज्ञता, कृतज्ञता, रसज्ञता आदि दिव्य गुणावली सुनता-गुनता भया; श्रीनामस्मरण करता है। पुनः श्रीजानकीकान्त रामकान्ताजी को जागरण...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...is drunk; Śrī Bhakti rinses, returns with her attendants, and bows to the Lord. Delighted, she and her retinue receive prepared betel from his lotus hands. At that moment a companion from the sleeping palace arrives after arranging the flower-bed and other decorations in the flower chamber. She bows and stands with folded hands. The Lord casts a gracious glance upon everyone, rises with Sītā, and departs. Understanding his wish, the members of the assembly bow, offer blessings, and return to their own homes. Only the immediate family—Bharata, Lakṣmaṇa, and the others—accompany them to the sleeping bower, bearing fly-whisks, parasol, and other insignia.

Raghubara and Janaka's daughter sit upon the throne in the first enclosure of the sleeping palace. The companions receive the fly-whisks and parasol from Bharata and the others. With the Lord's permission, the brothers bow and depart to rest. The divine Pair remove crown, forehead ornament, and other jewels, sit upon the flower-bed at the centre of the flower bungalow, rinse their mouths, and lie down. Lovely Śrī Bhakti, the contemplative servants, and the companions bow, hold the ocean of beauty in their hearts, go outside, and close the doors.

In summer the practitioner sits outside and pulls the silk cord of a fan woven from flower garlands, fanning the Lord while lovingly contemplating his beauty through dance and song. In winter the practitioner listens to and reflects upon Śrī Bhakti's account of the divine ocean of virtues—gracious conduct, compassion, parental tenderness, generosity, forgiveness, peace, accessibility, gentleness, fidelity in friendship, forgetfulness of a loved one's faults, omniscience, gratitude, discernment of rasa, and more—while remembering the divine Name. Then, knowing that Jānakī's beloved, the lover Rāma, has awakened...

Page unit 17

Afternoon awakening and assembly

ORIGINAL · DEVANAGARI

...जानि उत्थापन-सेवा-सामग्री किंकरीवर्गों से लिवाये, साधक को सङ्ग लेके श्रीभक्ति रामरञ्जनाजी श्रीप्रभु के पास प्राप्त भईं। श्रीयुगलचन्द्र को चौकी पर विराजमान कराय श्रीभक्तिसिद्धाजी और साधक श्रीयुगल पदकञ्ज धोय, करकञ्ज प्रोक्षण कराय, ऋतु के अनुकूल दिव्यफल-मेवा-मिठाई खवाय, शरबत-श्रीसरयूजल पिवाय; पुनः श्रीमुखों को पोंछि दिव्य पानबीड़ा खवाये। तदुपरान्त केश-अलकावली सुधारि, जैसे प्रथम शृङ्गार कहा गया है तैसे ही वस्त्र-भूषण धारण कराय, पुष्पहार पहिराये। तब श्रीसीतारामचन्द्रजी सभा-सिंहासन पर आकर विराजे। परिकरवर्ग छत्र-चँवर-व्यजनादिक ले के खड़े भये। अनुरागीजन पूर्ववत् आरती कर, पुष्पाञ्जलि दे, प्रदक्षिणा-प्रणाम कर के छवि अवलोकन लगे।

इसी समय श्रीभरतलाल आदिकों के पठाये एक मधुर सखा आये, सप्रेम प्रणाम कर कर जोरि खड़े भये। तिन्हें विलोकि के श्रीरघुराजकिशोरजी भक्तिजी से बोले, ‘हे भावरूपे! श्रीभरतादिक भ्राता आये हैं।’ श्रीभक्तिजी कहती हैं, ‘हे श्रीस्वामि शीलनिधे! अति आनन्द भया,’ यों कह द्वार पर जाय अपार दुलार से लिवाय लाईं। श्रीभरतादिक आ के निज-निज नामोच्चारणपूर्वक, जैसे सर्वतोष सभा में किये रहे, तैसे ही साष्टाङ्ग प्रणाम किये। तब श्रीआनन्दकन्द उठ के सबों को हृदय में लगाये। पुनि सब कोई श्रीस्वामिनी चरणों में शिर-स्पर्श कर, श्रीकरकमल-स्पर्श पाय, यथायोग्य विराज गये। तब सेवानुरागी भी सब प्रियवर्ग के पदों में मस्तक धरि प्रणाम किया और श्रीरघुबीरकिशोरजी के हाथों में धनुषबाण धारण करा दिया। तेहि अवसर में गुणी गायक आय सद्गुणसिन्धुजी के गुणानुवाद गान किये और नृत्यकार नृत्य करने लगे; निज-निज अभिलाष से अधिक वस्त्र-विभूषणादि निछावर पाये। तब भैया श्रीभरतलालजी करकमल जोरि आज्ञा पाय श्रीकृपासिन्धु बन्धुजी से बोले, ‘हे श्रीसुख...’

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...Śrī Bhakti Rāmarañjanā knows that the Pair have awakened. Having maidservants bring the materials for the rising service, she takes the practitioner and reaches the Lord. The twin moons are seated on a low stool. Bhaktisiddhā and the practitioner wash their lotus feet and hands, feed them fruits, dried fruits, and sweets suited to the season, and give sherbet and Sarayū water to drink. Their mouths are wiped and divine betel rolls offered. Their hair and curls are arranged; garments and ornaments are put on as in the first adornment, and flower garlands are added. Sītā and Rāma enter the assembly and sit upon the throne while the retinue stands with parasol, fly-whisks, fans, and other insignia. The lovers perform ārati as before, offer flowers, circumambulate, bow, and gaze upon the Pair.

A sweet-natured friend sent by Bharata and the others arrives, bows lovingly, and stands with folded hands. Seeing him, youthful Raghurāja tells Bhakti, ‘Embodiment of feeling, our brothers Bharata and the others have come.’ She replies, ‘Lord, treasury of gracious conduct, this brings great joy,’ goes to the doorway, and escorts them in with boundless affection. Announcing their names as in the Hall of Universal Delight, Bharata and the others prostrate fully. The root of bliss rises and embraces each one. They touch their heads to the Mistress’s feet, receive the touch of her lotus hands, and sit in their proper places. The service-loving practitioner likewise bows with the head at the feet of every beloved member of the retinue and places bow and arrows in youthful Raghubīra’s hands. Skilled singers arrive to praise the ocean of virtues; dancers perform and receive gifts of clothes and ornaments beyond their hopes. Bharata then folds his lotus hands, receives permission, and says to his compassionate brother, ‘O ocean of happiness...’

Page unit 18

Visits to the mothers and Daśaratha's court

ORIGINAL · DEVANAGARI

...सिन्धु बन्धुजी! श्रीमहाराजाधिराज पिताजी के दरबार-दर्शन की बेला भई।' सो सुनि श्रीप्रभुजी ने कहा कि 'चलना चाहिये। हे श्रीनिमिराजकिशोरीजी! आप श्रीअम्बावर्गों के अभिवन्दन को जाओ।' ऐसा श्रीप्राणनाथजी का अनुशासन सुनि समाजसहित अन्तःपुरभवन में जाय श्रीमाण्डवीजी, श्रीऊर्मिलाजी, श्रीश्रुतिकीर्तिजी आदिकों से मिल के और उन्हें सङ्ग लिवाय पालकिन पर चढ़ि श्रीबड़ी अम्बासाहब के समीप में जाय पदपङ्कज-अभिवन्दन कर अभिमत आशीष पाय गोद में बैठती भईं। पुनि आज्ञा पाय श्रीकैकेयी अम्बा, श्रीसुमित्रा अम्बा आदिकों के महलों में जाय अभिवन्दन करि वात्सल्यसुख सरसाय, पुनि श्रीबड़ी अम्बा श्रीकौशल्या देवीजी के महल में आय बिराजीं।

और यहाँ श्रीलखनलालजी की आज्ञा पाय के सिंहद्वार पर यह चतुरङ्गिणी सेना, नर्मप्रिय सुहृद सखा सलोने, तथा श्रीसुमुखजी, श्रीसुमतिजी, श्रीसुलोचनजी, श्रीसुमानसजी—ये चारों श्रीसुमन्तसुत—श्रीमहाराजकुमारों के चारों रथ उपस्थित करते भये। श्रीप्रभुजी श्रीसिंहासन से उठ के समाजसहित मन्द-मन्द पधारे। श्रीरामानुरागाभक्तिजी पुरुषवेष करिके छत्र लेती भईं और सख्यसेवासुखस्वादी जन चँवर लिये; दूसरा चँवर श्रीचारुशीलमणिजी लेते भये। इसी प्रकार सब सखा-दासवर्ग व्यजन, पानदान, अतरदान, पीकदान, जलझारी, जलपानसामग्री इत्यादिक अपनी-अपनी सेवा लैके सुखसंयुक्त चलते भये। श्रीअयोध्याधिपराजेन्द्रकिशोरजी सानुज सिंहद्वार पर आये। सब कोई प्रणाम-जोहार किये। चारों भाई यथोचित ग्रहण करि के रथों पर सवार हो के सहितसमाज श्रीचक्रवर्ती जू महाराज के समीप आये। रथों से उतर के चारों भाई आय के प्रणाम किये। श्रीमहाराजजी हृदय में लगाय के शिर आघ्राण—सूँघि—करिके, दक्षिण भुजा के समीप श्रीरामभद्रजी और लक्ष्मणजी को, वाम भुजा...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

'...my brother, it is time to attend the court of our father, the emperor.' The Lord replies, 'We should go. Princess of Nimi's house, you should visit and salute the mothers.' Hearing her beloved's direction, Sītā goes with her retinue into the inner palace. She meets Māṇḍavī, Ūrmilā, Śrutakīrti, and the others, takes them with her, mounts a palanquin, and approaches the senior queen. She bows at Kausalyā's lotus feet, receives the desired blessing, and sits in her lap. With permission she visits the palaces of mother Kaikeyī, mother Sumitrā, and the others, bows, and delights in maternal affection, then returns to the palace of the senior mother, Kausalyā Devī.

Meanwhile, on Lakṣmaṇa's order, the fourfold army and the handsome, tenderly loving friends assemble at the lion gate. Sumukha, Sumati, Sulocana, and Sumānasa—the four sons of Sumantra—bring the four princes' chariots. The Lord rises from the throne and advances gently with the assembly. Bhakti, whose love is fixed on Rāma, assumes male dress and carries the parasol. One servant who savours intimate service bears a fly-whisk; Cāruśīlamaṇi carries the other. Friends and servants follow joyfully with hand-fans, betel box, perfume box, spittoon, water ewer, refreshments, and every other article of their respective services.

The youthful sovereign of Ayodhyā and his brothers reach the lion gate. Everyone bows and offers salutations. The four brothers acknowledge them appropriately, mount their chariots with the assembly, and go before the emperor. They descend and bow. The king embraces them, smells the crowns of their heads in affection, seats Rāmabhadra and Lakṣmaṇa near his right arm and Bharata and Śatrughna near his left...

Page unit 19

The royal audience and the horses

ORIGINAL · DEVANAGARI

...निकट श्रीभरतजी, श्रीशत्रुघ्नजी को बैठाय के परम प्रेम से श्रीमुखचन्द्रों को निहारि नवल ब्रह्मानन्द लेते भये। पुनि परम प्रेमपूरित पूछने लगे, 'लालन! ब्रह्मर्षिवरिष्ठ श्रीगुरु वसिष्ठजी के दर्शन को जाते हो कि नहीं? साङ्गोपाङ्ग सरहस्य धनुर्वेद देखते हो कि नहीं? ब्राह्मणों को आगे से प्रणाम करि सम्मानसहित दान देते हो कि नहीं? अपने भ्राता-सखावर्ग के सङ्ग ही भोजन करते हो कि नहीं? अपने वीरवर्गों को सम्मान-प्रीतिदान देते हो कि नहीं?' ऐसे वात्सल्यरसामृतमिले वचन सुनि के श्रीआर्यवल्लभजी कर जोरि के बोले, 'हे श्रीमहाराजजी! श्रीमानजी का अनुशासन सदा ही करता हूँ और भरतादि प्रिय भ्राताओं से कहि के करवाता हूँ।' इस प्रकार के विमल वचनामृत श्रवण करिके श्रीमहाराजजी परमानन्द को प्राप्त भये।

तदनन्तर श्रीराघवेन्द्रजी श्रीलखनलालजी की ओर देखे। तब श्रीमहाराजजी इच्छा जानि के कहते भये, 'ज्येष्ठलालजी! वागविहार की इच्छा होय तो जाओ।' ऐसी आज्ञा पाय प्रेमपूर्वक सहोदर-सखानसंयुक्त प्रणाम कर के पधारे। प्रीतिपूर्वक परस्पर हास्य-विनोद-वार्ता करते भये तुरङ्गशाला में आय, तुरङ्गों को देख, पाणिपङ्कजों से पोंछि, श्रीमुखपङ्कजों से पुचकारि परमानन्द देते भये। अश्वसेवकों को अश्वसेवा सिखा के आप गजशाला में गये; वहाँ गजेन्द्रों को देख पुनि रथशाला में आय रथों के बाजिवृन्द को विलोकने लगे। तब सुवर्णमणि-साजों से सजे हुए खास सवारी के घोड़ों के पास आये, जिनके आगे श्रीअवधेशनन्दन का मनोजमोहन नाम का घोड़ा शोभित है। तिसके पीछे श्रीभरतलालजी का विजयविनोदी नामक, तिसके पीछे श्रीलखनलालजी का मानसानुगामी नामक, तिसके पीछे श्रीशत्रुघ्नलालजी का रणरङ्गी नामक तुरङ्ग सुशोभित है। तिसके पीछे हजारों घोड़े खड़े हैं। प्रथम श्रीरामलालजी निज घोड़े पर सवार हुए। पुनि श्रीप्रभु...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...and gazes upon the moonlike faces of all four sons with boundless love, tasting ever-new divine bliss. Filled with affection, he asks, 'Dear sons, do you regularly visit the foremost seer, Guru Vasiṣṭha? Do you study the science of the bow with its limbs and inner mysteries? Do you bow first to brahmins and give to them with honour? Do you eat together with your brothers and companions? Do you honour your warriors and bestow gifts of affection upon them?' Hearing words steeped in the nectar of parental love, the noble father's beloved folds his hands and replies, 'Great King, I always follow your command and have my beloved brothers Bharata and the others do the same.' Hearing that pure nectar of speech, the king attains supreme joy.

Rāghavendra then looks toward Lakṣmaṇa. Understanding their wish, the king says, 'Eldest dear one, if you wish to enjoy the gardens, go.' With permission, the brothers and friends bow and depart. Exchanging affectionate jokes and conversation, they enter the royal stables, inspect the horses, stroke them with lotus hands, and soothe them with lotus-soft words, giving them supreme happiness. After instructing the grooms in equine service, they visit the elephant stalls, behold the great elephants, then enter the chariot hall and inspect the teams.

They approach their special riding horses, adorned with gold and gems. At the head stands Manojamohana, mount of Ayodhyā's prince; behind him Vijayavinodī, Bharata's horse; then Mānasānugāmī, Lakṣmaṇa's; and Raṇaraṅgī, Śatrughna's. Thousands of other horses stand behind them. Rāma mounts his own horse first. Then, with the Lord's...

Page unit 20

The ride through Ayodhyā's palaces

ORIGINAL · DEVANAGARI

...आज्ञा पाय निज-निज घोड़ों पर श्रीभरतादिक समस्त रघुवंशकुमार सवार हुए और सख्यसुखसागरजी के दक्षिण-वाम-पृष्ठभाग में हो के विलम्बित गति से चलि के अनन्त श्रीचक्रवर्तीजी के अष्ट भ्राताओं के द्वार पर आये। तिन्हके नाम श्रीबीरसिंहजी १, श्रीसूरसिंहजी २, श्रीरत्नभानुजी ३, श्रीसिंहजी ४, श्रीचन्द्रशेखरजी ५, श्रीजयशीलजी ६, श्रीविजयारिसिंहजी ७, श्रीप्रतापसिंहजी ८। ये आठों श्रीअजय महाराज के लघुभ्राता श्रीसुव्रतजी के पुत्र हैं और श्रीरामचन्द्रजी के पितृव्य-काका हैं। इन ही के सब पुत्र श्रीरघुनन्दनजी के मित्र हैं, जिनमें ज्येष्ठ ये आठों महामुख्य मित्र हैं।

वहाँ पर उतर के वात्सल्यरसवारिधि श्रीबीरसिंहजी के गृह में गये। श्रीकाकासाहबजी लेने आगे आये। आप सबन्धु प्रणाम किये। आर्यजी सानन्द आशीर्वाद दे के भीतर ले गये। इन महाराज की पत्नी श्रीरतनकलाजी परम प्रीति से ललकि के चारों लालन को यथोचित आसनों पर बैठाय, सहितसमाज का परम सत्कार किया। मधुर मेवा-मिठाई खवाय, जल पिवाय, श्रीमुखों को पोंछि, पान-बीरा, अतर दे, माला पहिराय, आरती निछावर कर बलैयाँ लै-लै बदन बिलोकने लगीं। श्रीरामपितृव्यजी के भवन में छोटे-बड़े नारी-पुरुष सब कोई सखा-सहोदरसंयुक्त श्रीरामलाल शोभासिन्धु की छवि देख अति ब्रह्मानन्दसुख को पाये।

तब श्रीशीलसिन्धुजी बोले कि 'अब आज्ञा-मर्जी होय तो और सबों के यहाँ भी जाना है।' सुनि के वे बोले, 'लालासाहब, जाने को कैसे कहा जाय? किन्तु पधारिये, सबको आनन्द दीजिये।' यह सुन उठ के यथोचित प्रणाम-जोहार करके पधारे। इसी प्रकार सबों के गृह में जाय-जाय आनन्द दे के श्रीप्रमोदवन में आये, जहाँ पञ्च वाटिकाओं का विभाग है। मध्य में श्रीचक्रवर्तीबाग है, उसके दक्षिण में श्रीरामबाग, तिसके दक्षिण में श्रीलक्ष्मणबाग और उत्तर में श्रीभरतबाग, तिसके उत्तर में श्री...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...permission, Bharata and all the princes of Raghu's line mount their own horses. Riding slowly to the right, left, and rear of the ocean of friendship's joy, they reach the gateways of the emperor's eight brothers: Bīrasiṃha, Sūrasiṃha, Ratnabhānu, Siṃha, Candraśekhara, Jayaśīla, Vijayārisiṃha, and Pratāpasiṃha. These eight are sons of Suvrata, younger brother of King Ajaya, and therefore paternal uncles of Rāmacandra. All their sons are Raghunandana's friends, of whom the eldest eight are his principal companions.

They dismount and enter the house of Bīrasiṃha, ocean of paternal affection. Their uncle comes forward to receive them. The brothers bow; the elder blesses them joyfully and leads them inside. His wife Ratanakalā, overflowing with love, seats the four beloved sons appropriately and honours the entire assembly. She feeds them sweet dried fruits and confections, gives water, wipes their faces, offers betel, perfume, and garlands, circles ārati as an offering, wards away evil, and gazes repeatedly upon their faces. Every woman and man, young and old, in Rāma's uncle's house attains intense divine bliss by beholding the ocean of beauty Rāma together with his brothers and friends.

The ocean of gracious conduct says, 'If we have your permission, we must also visit everyone else.' They answer, 'Beloved prince, how could we tell you to leave? Yet please go and give joy to all.' The brothers rise, exchange fitting bows and salutations, and depart. Visiting each house in this way and giving delight, they reach Pramodavana, divided into five gardens. The emperor's garden stands in the centre; Rāma's to its south, Lakṣmaṇa's farther south, Bharata's to the north, and north of that Śatrughna's...

Page unit 21

Gardens, Sarayū bank, and the homeward procession

ORIGINAL · DEVANAGARI

...शत्रुघ्नबाग है। इन पाँचों वाटिकाओं में विहार कर वृक्ष-बेलि-फल-फूलों की रमणीयता विलोकि, बागवानों से फूलमाला, फल-मेवादिकों की डालियाँ ग्रहण कर सबको परमानन्द दिये। पुनि तहाँ से श्रीसरयूकूल आये, जहाँ कई कोसों तक समसुभग भूमि में हरी-हरी दूब लगी है; जहाँ-तहाँ दिव्य वृक्ष लगे हैं, चबूतरा, बङ्गला, बैठक बने हैं। तहाँ कन्दुककेलि, कवायद, व्यूहबन्धन, बाजियों को विविध गति देखना-दिखाना, लक्ष्यवेधनादि अर्थात् निशाना-चाँदमारी इत्यादिक नाना क्रीड़ा करते भये।

पुनि तुरङ्गों से उतरि के कर-पद-श्रीमुख धोय, मेवादिक खाय, जलपान करि सब कोई चोबापान पाय। पश्चात् श्रीभरतलालजी की आज्ञा पाय दिव्य सुवर्णमणि-भूषणों से सजे, दिव्य जरतारी झूलें पड़ी, मणिजटित सुवर्णों के हौदा कसे, शत्रुञ्जय आदि गजराजों के वृन्द आये। शत्रुञ्जय के ऊपर श्रीरघुबीर और श्रीलखनलालजी चढ़े। श्रीहनुमानजी पीछे खवासी में बैठ के श्वेत छत्र धारण किये और प्रभु के पीछे श्रीलखनलालजी चँवर ढोरने लगे; तथा दूसरा चँवर आगे पीलवान लिया। रिपुञ्जय गज पर श्रीभरतलालजी, श्रीशत्रुघ्नलालजी चढ़े। अन्य गजों पर सखागण चढ़िके चलते भये।

श्रीअवधराजमार्ग में प्रभु की सवारी आई। आते ही सम्पूर्ण श्रीअवधजन मात्र महामनोहर अनूपरूप अवलोकन कर के आरती-निछावर, लाजा, धानकलावा, फूलों की वर्षा, आशीर्वाद, प्रणाम, जोहार, जय-जयकार करते भये। सानुज श्रीरघुनन्दनजी ब्राह्मणों को प्रणाम कर, कुशल पूछ, सबों का यथोचित सम्मान करके श्रीराजद्वार पे आये। वहाँ पर हाथियों से उतर के तामजाम तथा तामदानों पर सवार हो और सब लोगों को विदा कर मुख्य सखाओं को साथ लैके ज्येष्ठा अम्बा श्रीकौशल्या महारानी के महल में आये। मातावर्ग पुत्रों का आगमन सुनि सानन्द सामग्री सुधारि, मङ्गलद्रव्ययुत थार हाथों में लिये आ के...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...Śatrughna's garden. The brothers wander through all five gardens, admiring the beauty of trees, vines, fruits, and flowers. They accept flower garlands and branches laden with fruit and dried delicacies from the gardeners and give everyone supreme joy. They then reach Sarayū's bank, where level, lovely ground covered in fresh green grass stretches for miles. Divine trees grow everywhere, with raised platforms, garden houses, and sitting places. They play ball, practise manoeuvres and battle formations, display different equestrian gaits, shoot at targets and moon-shaped marks, and enjoy many other games.

Dismounting, they wash hands, feet, and faces, eat dried fruit, drink, and receive aromatic mouth-refreshment. On Bharata's order, a company of royal elephants arrives—Śatruñjaya and the others—adorned with divine gold and gem ornaments, brocaded hangings, and jeweled golden howdahs. Raghubīra and Lakṣmaṇa mount Śatruñjaya. Hanumān sits behind in the attendant's place holding a white parasol; Lakṣmaṇa waves a fly-whisk behind the Lord, while the mahout carries a second in front. Bharata and Śatrughna mount the elephant Ripuñjaya, and the companions ride the other elephants.

The Lord's procession enters Ayodhyā's royal road. Beholding his incomparably enchanting form, all Ayodhyā's people offer ārati and gifts, shower parched grain, sacred rice-thread, and flowers, and call out blessings, bows, salutations, and victory. Raghunandana and his brothers bow to the brahmins, ask after their welfare, honour everyone appropriately, and reach the palace gate. There they descend from the elephants, mount palanquins and covered conveyances, dismiss the larger company, and with the principal friends enter senior mother Queen Kausalyā's palace. Hearing that the sons have come, the mothers joyfully arrange the articles of welcome and approach with trays of auspicious substances...

Page unit 22

The mothers' welcome and evening worship

ORIGINAL · DEVANAGARI

...आरती कर, आशीष दे-दे, बलैयाँ लै-लै, सवारियों से उतारि, हृदय में लगाय, मुख चुम्बन कर समाजसहित चारों पुत्रन को सुन्दर आसनों पर बैठावती भईं। पुनि मंजु मेवा खवाय, जलपान कराया, मुख पोंछि, पानबीरा खवाय, पुष्पमाला पहिराय, सन्ध्या-आरती करती भईं; पुनि बैठ के बारम्बार बदन बिलोकती हैं।

उसी समय श्रीचक्रवर्तीजी महाराज आये। सब कोई उठ खड़े हो, सखनसहित चारों भाई प्रणाम करते भये। श्रीमहाराजजी प्रिय पुत्रों को आशीर्वाद दे, हृदय लगाय, श्रीरामलालजी को गोदी में ले के सिंहासन पर विराजे। श्रीकौशल्याजी श्रीलखनलाल को अङ्क में ले के महाराज के दाहिने विराजीं। श्रीकैकेयीजी श्रीशत्रुघ्नलाल को लेके श्रीमहाराज के वामदिशि बैठीं। श्रीसुमित्रामाता श्रीभरतलाल को लेके बड़ी अम्बा के दाहिने विराजीं। अन्य सब सखावर्ग श्रीमहाराज के दाहिने बैठ गये तथा सम्पूर्ण माता श्रीकैकेयीमाता के बायें बैठ गईं। इस वात्सल्य-विनोद-सभा को महारानी श्रीसीता आदि वधूवर्ग झरोखों से सुखसंयुक्त देखता है। श्रीमहाराज के आगे नाच-गान-नाटक-हास्य-कौतुक-विनोद माताओं की किंकरीवर्ग करने लगीं।

पश्चात् पहरभर रात जाने पर सभा उठी। श्रीमहाराज पुत्रों का प्यार-दुलार करके बियारी को गये। श्रीरघुनन्दनलाल को बन्धु-सखाओं के संयुक्त श्रीकौशल्यादिक अनेक माताएँ बियारी कराती हैं। ऐसे ही श्रीजनकललीजी की भगिनी-सखिनसंयुक्त चारों वधुओं को श्रीसुमित्रा आदिक अनेक सासुएँ बियारी कराने लगीं। प्यार-दुलार, प्रेम-प्रमोद से बियारी कराय, अँचवाय के पानबीरा खवावती भईं। पुनि श्रीरघुनन्दन-जनकनन्दिनीजी को एक सिंहासन में बिठाय, दाहिने तीनों पुत्रों को बैठाय तथा बायें में तीनों बहिनी—श्रीमाण्डवीजी, श्रीऊर्मिलाजी, श्रीश्रुतिकीर्तिजी—को बैठावती भईं। इस प्रकार आठों स्वरूपों की शोभा देखि...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...perform ārati, give blessing after blessing, ward away evil repeatedly, help the four sons descend from their conveyances, embrace and kiss them, and seat them with the assembly on beautiful seats. They feed them lovely dried fruits, give drinks, wipe their faces, offer betel rolls, place flower garlands around their necks, and perform the evening ārati. Then they sit and gaze again and again upon their faces.

At that moment the emperor arrives. Everyone stands; the four brothers and their friends bow. The king blesses and embraces his dear sons, takes Rāma upon his lap, and sits on the throne. Kausalyā sits to the king's right with Lakṣmaṇa in her lap. Kaikeyī sits to his left holding Śatrughna, while mother Sumitrā sits to the senior queen's right with Bharata. The other companions sit to the king's right, and all the remaining mothers sit to Kaikeyī's left. Queen Sītā and the other daughters-in-law happily watch this playful assembly of parental affection from the latticed windows. Before the king, the mothers' maidservants perform dance, song, drama, comedy, spectacle, and games.

After one watch of night the assembly ends. The king caresses his sons and leaves for the evening meal. Kausalyā and the other mothers feed beloved Raghunandana together with his brothers and friends. Likewise Sumitrā and the other mothers-in-law feed Janaka's daughter and the four brides with their sisters and companions. With love, tenderness, and delight they complete the meal, help them rinse, and give betel rolls. Raghunandana and Janakanandinī are then seated on one throne, the three brothers to their right and the three sisters—Māṇḍavī, Ūrmilā, and Śrutakīrti—to their left. Beholding the beauty of all eight forms...

Page unit 23

Night offering, repose, and dream-service

ORIGINAL · DEVANAGARI

...नेत्रों का सुन्दर फल ले के आरती कर, बारम्बार बलैयाँ लै-लै, न्योछावर कर-कर, आशीष देती हैं। पुनि कुछ आलससहित शोभा देखि के शयन करने को बिदा करती भईं। अम्बाओं की आज्ञा पा के समाजसमेत चले। श्रीरघुवरजी के दाहिने सब भाई, श्रीजानकीजी के बायें सब बहिनी चलि के श्रीसीतारामभवन में आये। तहाँ श्रीरघुनन्दन ने सब भ्राताओं को तथा जानकीजी ने सब भगिनन को आज्ञा दी। तब सब प्रणाम कर-कर आशीष पाय-पाय निज-निज महलों को गये।

श्रीदिव्यदम्पतीजी पर्यङ्क पर विराज के सभा के विभूषण उतार, शयनभूषण धारण किये। तब श्रीरासानन्ददायिनीजी शयनभोग—दाख, अङ्गूर, शरबत, दूध, मलाई आदिक—लाईं। श्रीरामानुरागीजन प्रभु को खवाया। श्रीभक्तिजी श्रीसियाजी को खवाय, श्रीयुगल को जल पिवाय, श्रीमुख प्रोक्षण करि, पानबीरा खवाय, अनुरागी के कर से आरती कराय, समाजयुत प्रणाम करती भईं। तब श्रीरामरसरङ्गविहारीजी शयन करते भये; वामभाग श्रीरसिकराजवल्लभाजी शयन करती भईं। श्रीभक्ति-भक्त दोनों दिव्यविग्रहों को चरणसेवा करने लगे। तदुपरि श्रीयुगल के नयनपङ्कजों को निद्रा से मुद्रित देखि, समाजसहित श्रीभक्ति परानुरक्तिजू श्रीयुगलकृपालु की सुन्दर शोभा मन में धरि मन्द पदों से बाहिर निकसि के कपाट बन्द कर देती भईं। और समाजसहित शयनशाला के आवरणभवन में विराज के माने स्वर से विहागराग में श्रीयुगल-यश गाने लगीं।

तदनन्तर शयन कर के स्वप्नावस्था में श्रीसीतारामचन्द्रजी के समीप प्राप्त भईं। तब सेवानुरागी साधक भी श्रीभक्ति-पदपङ्कजों को साष्टाङ्ग प्रणाम करि उनके नीचे दक्षिण में शयन कर, स्वप्न में श्रीसीतारामचन्द्रजी के समीप प्राप्त हो, श्रीयुगलमाधुरी-सुखसिन्धु में मग्न हो गया। इस प्रकार श्रीश्रीरघुवामिनी तथा नन्दनकृपालुजी की कृपा से श्रीसीताराम...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...the mothers gain the beautiful fruit of their eyes. They perform ārati, repeatedly ward away evil, offer gifts, and give blessings. Seeing a trace of weariness in the lovely forms, they dismiss them to sleep. With the mothers' permission, the Pair depart with their assembly: all the brothers walk to Raghubara's right and all the sisters to Jānakī's left until they reach Sītā–Rāma's palace. Raghunandana dismisses his brothers and Jānakī her sisters. Each bows, receives blessings, and returns to a private palace.

The divine Couple sit upon the couch, remove the ornaments of the public assembly, and put on ornaments suited to sleep. Rāsānandadāyinī brings the night offering—raisins, grapes, sherbet, milk, cream, and other delicacies. The lover of Rāma feeds the Lord; Śrī Bhakti feeds Sītā, gives the Pair water, wipes their faces, and offers betel. She has the loving servant perform ārati, then bows with the assembly. Rāma, who sports in the colours of rasa, lies down; to his left lies the beloved of the king of rasikas. Śrī Bhakti and the devotee massage the divine feet. When the Pair's lotus eyes close in sleep, Bhakti, supreme attachment personified, holds their gracious beauty in her mind, withdraws softly with the assembly, and closes the doors. They sit in the outer chamber of the sleeping palace and sing the Pair's praise quietly in Rāga Vihāga.

After lying down, Bhakti reaches Sītā–Rāma in the dream state. The practitioner devoted to service prostrates fully at Bhakti's lotus feet, lies to her lower right, and in dream likewise comes before Sītā and Rāma, becoming immersed in the ocean of the divine Couple's sweet beauty. Thus, through the grace of the sovereign Lady of Raghu and her compassionate beloved, the Sītā–Rāma...

Page unit 24

Seasonal forms of the service

ORIGINAL · DEVANAGARI

...रहस्योपासक स्वामी श्रीनाभाजी-कृत अष्टयाम-सेवानुसार यह श्रीसीताराम मानसी पूजा (अष्टयाम भावना) पूर्ण भई॥

अब इस पूजारिति के अन्तर्गत षट्ऋतुकालीन उत्सवों तथा सेवा की अति संक्षेपता का अनुवाद करते हैं। श्रीराममानसीसेवा-निरत जन को गरमी और जाड़ा के ऋतु-अनुकूल सामग्री का चिन्तवन अवश्य करना चाहिये। जैसे गरमी के ऋतु में फूलों के भूषण, फूलों की सेज्या, फूलों का बङ्गला, और महल के छत पर फूलबङ्गला में ही शयन का ध्यान करना चाहिये; और शीतलचन्दन का अङ्गराग-अनुलेपन, गुलाब का अतर, गुलाबजल के फुहारे; स्नान-पान में परमशीतल श्रीसरयूजल, शरबत, और भोग में दधि, शीतल व्यञ्जन, शीतल फल-मेवादिक—सब शीतल पदार्थ मानसी में तथा प्रत्यक्ष में श्रीसीतारामचन्द्रजी को अर्पण करना चाहिये।

और जाड़ों की ऋतु में शीतल पदार्थ ध्यान में अथवा प्रत्यक्ष में कभी समर्पण न करना चाहिये, किन्तु पुष्पमाला तथा पुष्पाञ्जलि में यों करै कि जूही की सूक्ष्म माला तुलसीदल के गुच्छा लगे भये पहिरावै, तथा फूलों के गुच्छा सुँघावै और उसी की पुष्पाञ्जलि देवे। मन में यों विचारे कि ये पुष्प प्राकृत ठण्डे नहीं हैं, दिव्य प्रभु की रुचि-अनुकूल हैं। वस्त्र ऊनी, रेशमी, रुईदार निवेदन करै। जल अति शीतल न पियावै; स्नान-आचमन आदि गरमजल से करावै। धूमरहित सुगन्धिसहित अग्नि समय-समय में तपावै और भोग गरम पुष्ट पदार्थों का निवेदन करै। तात्पर्य यह है कि जो-जो पदार्थ शीतकाल में अपने को प्रिय-अनुकूल होय, सो-सो प्रभु को भी अर्पण करै।

और जाड़े में आरती के समय श्रीहनुमन्तलाल के हाथ में व्यजन-पंखा का ध्यान न करना चाहिये; पानबीड़ों से भरा पानदान सुवर्ण के सम्पुट में लिये अथवा कर जोरि के स्तुति करते ध्यान करना। और श्रीभक्तिजी...

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...mental worship, following the eight-period service composed by the esoteric worshipper Svāmī Śrī Nābhājī, is complete.

The text now briefly explains festivals of the six seasons and their adaptations of service. A person devoted to Rāma's mental service must contemplate articles suitable to summer and winter. In summer visualize flower ornaments, a flower bed, a flower bungalow, and sleep in a flower pavilion upon the palace roof. Offer a cooling sandal-paste anointment, rose perfume, sprays of rosewater, extremely cool Sarayū water for bathing and drinking, sherbet, and for the meal curd, cooling dishes, cool fruits, dried fruit, and every cooling substance—both inwardly and, where applicable, outwardly—to Sītā and Rāma.

In winter never offer cold substances, whether in contemplation or physically. For garlands and flower-offerings, use a fine jasmine garland with clusters of tulasī leaves; give flower clusters to smell and offer the same flowers at their feet. Think that these are not materially cold flowers but divine ones suited to the Lord's pleasure. Offer woollen, silk, and quilted garments. Do not give very cold water; use warm water for bathing, rinsing, and related services. From time to time warm them at a fragrant smokeless fire. Offer hot, nourishing foods. In short, offer the Lord whatever substances you yourself find pleasing and suitable in winter.

During winter ārati, do not visualize a fan in Hanumān's hand. Instead see him holding a golden casket containing a betel box filled with prepared rolls, or standing with folded hands and offering praise. And visualize Śrī Bhakti...

Page unit 25

The festival calendar and a still shorter service

ORIGINAL · DEVANAGARI

...के कर में दिव्य दर्पण का ध्यान करना। इस प्रकार ऋतु-भेद से पूजा-पदार्थों का भेद वर्णित भया। अब नित्य पूजा में नैमित्तिक उत्सव-मिश्रित भावना संक्षेप से कहते हैं।

चैत्र मास में चारों भाई श्रीरघुनन्दनजी के जन्मवर्षोत्सव-बधाई, छठी, बारहों का चिन्तवन करै। बैसाख शुक्ल ९ नवमी में श्रीजानकी-जन्मोत्सव, वर्षगाँठ, बधाई, छठी आदि का चिन्तवन करना। ग्रीष्म ऋतु में भोजन, शयन, सभा सब पुष्प-भवनों के भीतर ध्यान करना। वर्षाकाल में साम को चार बजे रात्रिपर्यन्त सहित समाज प्रभु के डोलाउत्सव, झूला झूलने का दृश्य श्रीप्रमोदवन में चिन्तवन करना। भाद्रशुक्ल एकादशी से पूर्णिमासी तक नौका में झूला, जल-विहार का चिन्तवन करना। शरदऋतु-चाँदनी निशा में सहित श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण, श्रीशत्रुघ्न, श्रीसीतारामचन्द्रजी मध्य सिंहासन पर विराजे—ऐसा ध्यान करै। तिनके चारों ओर सखी-समूहों का गाना-बाजा, नाना गति से नाचना तथा रासमण्डल का ध्यान करे। तदुपरान्त श्रीभरतादि बन्धु-सखा-समाज-संयुत चाँदनी निशा में चन्द्रमणि चौक में तसमें खीर, मलाई आदि पदार्थों का भोजन-बियारी करने का ध्यान करना।

मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी से पौषकृष्णद्वितीया तक श्रीरामविवाह-लीला, गौना-उत्सव, दूलह-दुलहिन वेष का ध्यान करना। माघ शुक्ल पंचमी से चैत्र कृष्णरसरङ्ग पंचमी तक श्रीरूपसखीजी आदिकों की कथित रीति से पहर दिन बाकी से संध्यातक नित्य होलिका-केलि-लीला का चिन्तवन करना। इत्यादिक उत्सवों को मिलाय के जितनी चित्त की स्थिरता होय, जितने समय तक मन लगे, तितना मानसी पूजा का ध्यान करना ही महामोद-मङ्गल का हेतु है। अब कदाचित किसी भक्तिभावुक को कथित भावना करने का समय न मिलै, तिसके लिये अति संक्षेपता से पूजा-मात्र कहते हैं।

FRESH ENGLISH TRANSLATION

...visualize a divine mirror in Śrī Bhakti's hand. This completes the account of how articles of worship vary with the seasons. The text now briefly describes the daily worship interwoven with occasional festivals.

In the month of Caitra contemplate the four brothers, the anniversary of Raghunandana's birth, songs of congratulation, the sixth-day rite, and the twelfth-day rite. On the bright ninth of Vaiśākha contemplate Jānakī's birth festival, its anniversary, congratulations, sixth-day observance, and the other rites. In summer picture the meal, repose, and assembly entirely within flower pavilions. In the rainy season, from four in the evening until night, contemplate the Lord with his company at the swinging festival in Śrī Pramodavana. From the bright eleventh of Bhādrapada through the full moon, contemplate swinging in a boat and play upon the water. On a moonlit autumn night see Sītā and Rāma seated at the centre of a throne with Bharata, Lakṣmaṇa, and Śatrughna. Around them groups of companions sing and play instruments, dance in many movements, and form the circle of rāsa. Then, with Bharata and the other brothers and friends, visualize the evening meal of rice pudding, cream, and other dishes in the moonstone courtyard.

From the bright fifth of Mārgaśīrṣa through the dark second of Pauṣa contemplate Rāma's wedding play, the gauna homecoming festival, and the bridegroom-and-bride attire. From the bright fifth of Māgha through the dark Rasaranga fifth of Caitra, following the stated method of Śrī Rūpasakhī and the others, contemplate daily Holī play from one watch before day's end until twilight. Combine these and similar festivals with the service: however steady the mind becomes and however long it remains engaged, that much contemplation of mental worship is itself a cause of supreme joy and auspiciousness. For a devotee who sometimes lacks time for the full visualization, the text now gives the worship alone in the briefest form.

Page unit 26

The concise daily cycle

ORIGINAL · DEVANAGARI

प्रथम कथित रीति से प्रभात उत्थापन, जागरण, जय-जयकार-शब्द, प्रणाम आदिक करि के मङ्गल-थार आगे धरे। और पुष्पमाला पहिराय, कमलपुष्प सुँघाय के मङ्गल-थार में धरे भये मधुपर्क, मेवा, फल आदिकों का केवल दृष्टिभोग अर्पण कर, पूर्व कथित रीति से मङ्गल-आरती कर के पुनि उसी भाँति दन्तधावन करावै। तब श्रीरघुनन्दनजी कहते भये—'हे प्राणप्रिये! स्नान करो।' सो सुनि स्वामिनीजी मन्द विहँसि सखिनसहित स्नान-कुञ्ज को पधारीं। तब उपरोक्त रीति से श्रीप्रभुजी स्नान-सन्ध्यादि कर, शृङ्गार धारण कर के, प्रिया-प्रियतम दोनों एक सङ्ग आ विराजे। उसी समय तीनों भ्राता और श्रीहनुमानजी मय दास-सखाओं के आय यथोचित प्रणाम कर के विराजे। पूर्व कथित रीति से सब कोई भोजन, आचमन कर, ताम्बूल ग्रहण कर के तदनन्तर श्रीयुगलप्रभु सभा-सिंहासन में आय विराजे। श्रीलक्ष्मणादिक उसी भाँति छत्र-चँवर आदि ले के खड़े भये। पूर्व रीति से महा-आरती भई। आगे नाच-गान होने लगा।

श्रीभक्तिजी सहित साधक, श्रीप्रभु की आज्ञा से श्रीप्रभु-प्रसादामृत पाय के श्रीप्रभुजी के समीप आये। इसी राजसभा में श्रीसीताराम-माधुरी-शोभा को अवलोकन करते, विमल व्यजन से पवन करते खड़ा रहे अथवा कर जोरे शोभा देखते बैठ रहे। पुनः जब इच्छा होय तब पूर्व कथित रीति से शयन कराय देवे। फिर उसी प्रकार उत्थापन, जलपान, शृङ्गार कराय सभा-सिंहासन में विराजमान करे। श्रीलखनलालजी छत्र, श्रीभरतजी श्रीशत्रुघ्नजी युगल चँवर एवं श्रीहनुमानजी व्यजन लिये, अन्य सखा-सखी-दासवर्गों से सेवित, नृत्य देखते, सुयश-गान सुनते भये अनन्त श्रीसीतारामचन्द्रजी को मानसिक नेत्रों से देखता रहे। पुनः रात्रि में प्रथम कथित रीति से समाजसहित श्रीयुगलकृपालजी बियारी-भोग अर्पण कर, आरती कर के शयन कराय देवे।

FRESH ENGLISH TRANSLATION

Following the method already taught, awaken the Pair at dawn with songs of waking, cries of victory, bows, and the other observances, and place the auspicious tray before them. Put on flower garlands, offer a lotus to smell, and present by sight alone the honey-mixture, dried fruit, fresh fruit, and other foods arranged upon the tray. Perform the auspicious ārati as previously described, then have them clean their teeth in the same way. Raghunandana says, 'Beloved of my life, please bathe.' Hearing him, the Lady smiles softly and goes with her companions to the bathing bower. The Lord bathes, performs the twilight rite and the other duties, and dresses as described above. Beloved and Lover then sit together. The three brothers and Hanumān arrive with servants and friends, bow as appropriate, and take their places. All eat, rinse, and receive betel according to the former method. The divine Pair then sit upon the assembly throne. Lakṣmaṇa and the others stand as before with parasol, fly-whisks, and the remaining insignia. The great ārati is performed, followed by dance and song.

With Śrī Bhakti and by the Lord's permission, the practitioner tastes the nectar of the Lord's remnants and comes near him. In this royal assembly, stand beholding Sītā and Rāma's sweet beauty while fanning them with a spotless fan, or sit with folded hands and gaze upon their splendour. When desired, put them to rest in the previously stated manner. Awaken them again, give refreshment, adorn them, and seat them upon the assembly throne. Lakṣmaṇa holds the parasol; Bharata and Śatrughna hold the paired fly-whisks; Hanumān holds the fan. Served by the other friends, companions, and attendants, they watch the dance and hear songs of their boundless fame. Continue seeing Sītā and Rāma with the mind's eyes. At night, following the former method, offer the evening meal to the gracious Pair with their company, perform ārati, and put them to sleep.

Page unit 27

Fruit of the practice and lineage verses 1–7

ORIGINAL · DEVANAGARI

और श्रीभक्तिजी के पर्यङ्क के नीचे आप हूँ श्रीनाम स्मरण करता हुआ शयन करे। इतनी भावना पूजा-मात्र है। जो अष्टकाल-पञ्चकाल से सम्पूर्ण भावना करने का समय-अवकाश न मिले या चित्त स्थिर न होय, तो इतना हूँ कर लेना परम सुख-सुमङ्गल का हेतु है। और समस्त भावना का ध्यान तो परमोपासकों का धन, जीवन, प्राण ही है; अथवा यह सेवा मनुष्य-जन्म का महाफलरूप परम मोक्ष का परम हेतु है। ताते श्रीसीताराम-रसिक उपासकों से एवं परमोदार दानि-शिरोमणि श्रीरघुवंश-विभूषण प्रियतमजी तथा श्रीरघुनन्दन-वल्लभाजी से यही वरदान माँगते हैं कि मैं प्रेम-नेम-मनोह्लादसहित यह मानसी पूजन मेरे से सदा कराइये। हे प्रभो! हम आप ही के कृपादृष्टि से देखिये और निज रूप दिखाइये, अपनाइये! अपनाइये!! अपनाइये!!!

दोहा—

जय २ श्री भगवन्त मम, सीतापति सुखदानि।

दीजिय यह सेवा सरस, शरणागत जन जानि॥१॥

जय श्री सिय रघुनन्द जय, भरत लखन रिपुसाल।

जय हनुमत गुरु भक्ति जय, करिये कृपा कृपाल॥२॥

गोस्वामी तुलसी भणित, भव निधि पार उतार।

जेहि पढ़ि रघुबर नाम रटि, बस्यों अवध आगार॥३॥

चित्रकूट दक्षिण दिशि, योजन पंच प्रमाण।

ग्राम रामपुर जन्म द्विज, दीन्हें राम सुजान॥४॥

बीस वर्ष वय में कृपा, करि श्री अवध बुलाय।

सीताराम प्रपन्न जन, कीन्हे सख्य गहाय॥५॥

श्री रामानन्दीय गुरु, कामदेन्द्र मणि देव।

मन्त्र राम तारक दिये, सख्य दास्य रस सेव॥६॥

बाहिर पूजा राम की, नवधा भक्ति निदान।

मानसि सेवा प्रभुन की, प्रेमा परा प्रमान॥७॥

FRESH ENGLISH TRANSLATION

Lie down beneath Śrī Bhakti's couch while remembering the holy Name. This much is the worship of visualization in its minimal form. If there is neither time nor opportunity to perform the complete visualization in eight or five periods, or if the mind will not remain steady, even doing this much brings supreme happiness and auspiciousness. Contemplation of the whole visualization is the wealth, life, and very breath of the highest worshippers. This service is also the great fruit of human birth and the supreme means to final liberation. Therefore the author asks the rasika worshippers of Sītā and Rāma—and the supremely generous, jewel among givers, beloved ornament of Raghu's lineage and cherished one of Raghunandana—for this boon: 'Have me perform this mental worship always, with love, discipline, and delight of heart. Lord, look upon me with your own gracious glance; show me your true form and make me yours! Make me yours! Make me yours!'

Couplets:

Victory, victory to my blessed Lord, Sītā's husband and giver of joy. Knowing me as one who has taken refuge, grant me this delectable service. (1)

Victory to Sītā and Raghunandana; victory to Bharata, Lakṣmaṇa, and the foe-destroyer. Victory to Hanumān, the guru, and Bhakti. Compassionate Lord, show your grace. (2)

Gosvāmī Tulasī composed the means of crossing the ocean of becoming. Reading it and repeating Raghubara's name, the poet made his dwelling in Ayodhyā. (3)

Five yojanas south of Citrakūṭ, a twice-born child was born in the village of Rāmapura; wise Rāma bestowed him. (4)

At twenty years of age grace summoned him to holy Ayodhyā. As one surrendered to Sītā and Rāma, he was admitted into the friendship of the Lord. (5)

His Rāmānandī guru was the divine Kāmendramaṇi. He gave the liberating Rāma-mantra and service in the flavours of friendship and servitude. (6)

External worship of Rāma culminates in ninefold devotion. Mental service of the Lord is the measure of supreme love. (7)

Page unit 28

Lineage verses 8–10 and the root colophon

ORIGINAL · DEVANAGARI

श्रीयुत स्वामी अग्र कृत, ध्यान मञ्जरी ध्यान।

श्री स्वामी नाभा भनित, अष्टयाम मम प्रान॥८॥

सम्बत शत उनईश गत, साठ (१९६०) अयोध्या थान।

माधव सित जानकि नवमि, पूरण पूजा ध्यान॥९॥

सखा राम रस रङ्गमणि, सीताराम प्रपन्न।

विरच्यो पूजा मानसी, सुमति क्षुधा को अन्न॥१०॥

इति श्री रामानन्दीय श्री स्वामी राघवेन्द्र सखा सुहृत श्री कामदेन्द्रमणि कृपापात्र श्री सीताराम शरण श्रीरामरसरङ्गमणि विरचिता लोकभाषायां श्री सीताराम मानसी पूजा अष्टयाम भावना समाप्ता॥

FRESH ENGLISH TRANSLATION

The meditation follows the Dhyāna-mañjarī composed by the venerable Svāmī Agra; the eight-period service spoken by Svāmī Nābhā is my very life. (8)

In the year Vikrama 1960, at Ayodhyā, on Jānakī's ninth day in the bright half of Mādhava, the meditation of worship was completed. (9)

The friend Rāmarasaraṅgamaṇi, surrendered to Sītā and Rāma, composed this mental worship as food for the hunger of right understanding. (10)

Thus ends Śrī Sītārāma Mānasī Pūjā, the visualization of the eight periods, composed in the vernacular by Śrī Sītārāma Śaraṇa Śrī Rāmarasaraṅgamaṇi: of the Rāmānandī lineage, friend and dear companion of Śrī Svāmī Rāghavendra, and recipient of Śrī Kāmendramaṇi's grace.